सुविचार

समय रहते खुद को बदल लेना, चाहिए जब समय हमें बदलता है, तो तकलीफ बहुत होती है !

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 12 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, बुधवार 9 अगस्त, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

# पीएम मोदी ने लिया राजस्थान के सांसदों से फीडबैक

## विधानसभा चुनाव के लिए आगामी रणनीति पर हुई चर्चा, अश्विनी वैष्णव, राजे समेत अन्य नेता भी रहे मौजूद

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में राजस्थान के लोकसभा व राज्यसभा सांसदों की बैठक ली। इस बैठक में सांसदों के अलावा राजस्थान से जुड़े अन्य नेता भी मौजूद रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राजस्थान प्रभारी अरूण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, प्रदेश सह चुनाव प्रभारी कुलदीप विश्नोई सहित राजस्थान से जुड़े अन्य नेता भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में पीएम मोदी ने सांसदों सहित अन्य नेताओं से राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव व संगठन को लेकर फीडबैक लिया। वहीं सूत्रों के अनुसार बैठक में पीएम मोदी ने प्रदेश के नेताओं को यह नसीहत भी दी है कि वह अति आत्मविश्वास में ना रहे। बल्कि जमीन से जुड़कर चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। बैठक में पीएम मोदी प्रदेश की राजनीति, कांग्रेस सरकार की योजनाओं, सरकार के खिलाफ आगामी प्रदर्शनों सहित अन्य मद्दों लेकर भी चर्चा की।

### बीजेपी की राह आसान बनाने की कवायद

पीएम मोदी राजस्थान की सभाओं से यह साफ कर चुके है कि विधानसभा चुनाव उन्हीं के चेहरे पर लड़ा जाएगा। लेकिन उसके बाद भी प्रदेश भाजपा की गुटबाजी केन्द्रीय नेतृत्व के लिए सिरदर्द बनी हुई हैं। खासतौर पर चुनावों में वसुंधरा राजे के रोल को लेकर बीजेपी मुख्यालय से लेकर कार्यकताओं में चर्चा आम हैं। वहीं 1 अगस्त को जयपुर में बीजेपी के सचिवालय घेराव कार्यक्रम से पूर्व सीएम राजे की दूरी और दो दिन पहले उनके गुट के नेता देवी सिंह भाटी का बयान यह बताने के लिए काफी है कि प्रदेश भाजपा में गुटबाजी किस कदर हावी है। देवी सिंह भाटी फिलहाल बीजेपी से निष्काषित हैं। ऐसे में वो खुलकर वसुंधरा राजे के पक्ष में बोल रहे है। वहीं प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, सांसद राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित अन्य प्रदेश के नेताओ का राजस्थान की राजनीति में अपना अहम रोल हैं।

### विधायकों से फीडबैक का बन रहा कार्यक्रम

सांसदों से फीडबैक कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी प्रदेश के बीजेपी विधायकों के साथ भी फीडबैक बैठक कर सकते हैं। बीजेपी सूत्रों की माने तो इसे लेकर भी कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। अगस्त के अंतिम सप्ताह में यह फीडबैक कार्यक्रम आयोजित हो सकता हैं। विधायकों के साथ फीडबैक बैठक व अन्य संगठन से जुड़े मुद्दो को लेकर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ पिछले दो दिनों से दिल्ली में ही मौजूद है। इस दौरान राठौड़ कई नेताओ से मुलाकात भी कर रहे हैं।

# मानगढ़ धाम में राहुल गांधी का दौरा आज

## सुरक्षा में तैनात रहेंगे 70 आरपीएस समेत हजारों पुलिसकर्मी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उदयपुर।** आदिवासियों के सबसे बड़े आस्था के धाम बांसवाड़ा स्थित मानगढ़ में राहुल गांधी बुधवार को आएंगे। उनकी यहां बड़ी सभा है और खास बात यह है कि आज विश्व आदिवासी दिवस भी है। इसी दिन राहुल गांधी राजस्थान में कांग्रेस पार्टी का चुनावी शंखनाद करेंगे। राहुल गांधी को जेड प्लस सिक्योरिटी नहीं दी गई है, लेकिन जिस तरह से राजस्थान सरकार ने सुरक्षा-व्यवस्था की है वह जेड प्लस से कम नजर नहीं आ रही है। राहुल गांधी की इस सभा में 1000 से भी ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। वहीं राहुल गांधी की करीबी सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान होंगे।

### 70 आरपीएस और 200 से ज्यादा इंस्पेक्टर



राहुल गांधी की इस सभा के लिए 70 आरपीएस तैनात किए जाएंगे जो सभा स्थल और इसके आसपास के एरिया में मॉनिटरिंग करेंगे। इसमें 30 एडिशनल एसपी और 40 डिप्टी एसपी तैनात होंगे। वहीं 200 से ज्यादा इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर लगाए जाएंगे।

इनके अलावा करीब 200 एएसआई और 850 से ज्यादा हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल तैनात होंगे।

### आज राहुल गांधी के साथ में सीएम अशोक गहलोत भी आएंगे

साथ ही 3 हजार स्क्वायर फीट से ज्यादा बड़ा मंच तैयार किया गया है। बता दें कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से दावा किया गया है कि इस सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सभा में या रैलियों में अब तक जितने नहीं आए हैं उससे ज्यादा लोग राहुल गांधी की सभा में आएंगे।

# गहलोत बोले- पुलिस में बढ़ाएं महिलाओं की भागीदारीः नए जिलों में एससी-एसटी एक्ट के मुकदमों की जांच के लिए बनेगी सेल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि पुलिस में हर लेवल पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कदम उठाएं जाएं। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में सामाजिक जागरूकता लाइ जाए। एससी-एसटी अत्याचार के मामलों में पुलिस बिना किसी दबाव के तेजी से जांच करके न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। एससी-एसटी के मामलों में एफआर के बाद उनके रिव्यू का दायरा और बढ़ाया जाए। सीएम अशोक गहलोत एससी एसटी अत्याचार निवारण एक्ट के तहत बनी राज्य स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में सीएम ने एससी-एसटी के पैंडिंग मामलों में जांच कम से कम समय में पूरी करने को कहा है। सीएम ने एससी एसटी के मामलों के निस्तारण को 60 दिन से कम समय में करने को कहा है।



राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक में कई फैसले किए गए। नए जिलों में एससी-एसटी एक्ट की जांच के लिए डिप्टी एसपी की अध्यक्षता में सैल बनाने का फैसला किया है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के मामलों के लिए एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट फॉर क्राइम एगेंस्ट वूमेन यूनिट बनेगी। एससी-एसटी एक्ट के मामलों के निस्तारण में 2017 में 197 दिन का समय लगता था, अब 64 दिन का वक्त लगता है। बैठक में यह तय हुआ है कि अब 60 दिन से कम समय में जांच से लेकर पूरे मामले का निस्तारण किया जाए।

ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के दफ्तर खोलने का फैसला किया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के हॉस्टलों में रहकर पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के साथ सीएम का संवाद कार्यक्रम किा जाएगा। इसकी तारीख जल्द तय होगी। छात्रावासों में अध्ययनरत बालिकाओं एवं बालकों से मुख्यमंत्री का संवाद कार्यक्रम किया जाएगा।

एससी-एसटी एक्ट के मामलों में पीड़ित को मिलने वाले मुआवजे में केंद्र सरकार से मिलने वाले फंड में देरी का मामला बैठक में उठा। इस मामले में केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखकर फंड समय पर देने की मांग की जाएगी। एससी-एसटी एक्ट की एफआईआर के साथ ही पीड़ित को पीड़ित प्रतिकर योजना का लाभ देने के लिए जरूरी जानकारियां भी पुलिस को समय पर साझा करने के आदेश दिए गए हैं।

# मुनेश गुर्जर ने हाई कोर्ट में निलंबन को दी चुनौती

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की निलंबित मेयर मुनेश गुर्जर ने सरकार के निलंबन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट में याचिका दायर करके मुनेश गुर्जर की ओर से कहा गया है कि सरकार ने उनके निलंबन से पूर्व कोई जांच नहीं की। गलत तथ्यों के आधार पर आनन-फानन में निलंबित किया गया है। जबकि एसीबी ने FIR में उन्हें आरोपी भी नहीं माना है। मुनेश गुर्जर के पति और दो दलालों को एसीबी ने रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया था। 5 अगस्त को मुनेश गुर्जर को निलंबित किया गया था। मुनेश गुर्जर को निलंबित करने वाले आदेश में स्वायत्त शासन विभाग ने प्रथमदृष्ट्या उनकी संलिप्तता मानी है। आदेश में विभाग ने लिखा था कि पट्टे बनाने की एवज में मेयर पति सुशील गुर्जर व अन्य दो दलालों को मेयर की उपस्थिति में उनके घर से एसीबी ने 2 लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

## जेपी नड्डा और बीएल संतोष ने दिए टिप्स

# बूथ-बूथ पर उतरेगी बीजेपी की सोशल मीडिया की टीम

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान भाजपा की सोशल मीडिया टीम अब बूथ-बूथ पर उतरने जा रही है। उसके लिए सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर को लेकर आगे बढ़ने की तैयारी है। बूथ-बूथ पर सोशल मीडिया की टीम बनेगी। जयपुर में कल राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पहली बार सोशल मीडिया टीम से मुलाकात की है। इसके साथ ही टीम को ज्यादा सोशल होने की बात कह दी है।



सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक हीरेन्द्र कौशिक का कहना है कि हमारी तैयारी पूरी है। इसके लिए काम चल रहा है। जल्द ही इसके असर और दिखेंगे। दरअलस, भाजपा उन सभी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर से मिलने की तैयारी कर रही है जो प्रभाव रखते हैं।

कौशिक ने बताया कि भाजपा के सोशल मीडिया के पेज को और मजबूत करना है। इसके लिए जेपी नड्डा ने टीम को कंटेंट और रोचक करने की सलाह दी है। सोशल मीडिया को और आक्रामक करने की तैयारी है। पेज की रीच बढ़ाने और उसपर पड़ने वाले कंटेंट को ज्यादा उपयोगी करने की सलाह है। प्रदेश के बूथ वार काम करने की तैयारी है।

**बीएल संतोष ने जताया संतोषः** संगठन महामंत्री बीएल सन्तोष ने सोशल मीडिया टीम के कामकाज पर सन्तोष जताया है। उन्होंने मगर कई सलाह दी है। सोशल मीडिया पर अब त्वरित मुद्दों पर कंटेंट डालने की तैयारी है।

## राजस्थान आवासन मंडल...

RH राजस्थान आवासन मण्डल

# 'महाभारत' के युद्ध में द्रोणाचार्य की तर्ज पर आवासन मंडल में 'चक्रव्यूह' तैयार

## आयुक्त पवन अरोड़ा की मंडल की भर्ती परीक्षा में पेपर माफिया के खिलाफ जबरदस्त किलाबंदी



चक्रव्यूह में घुसपैठ की हिम्मत की तो 'महारथी अभिमन्यु' जैसा होगा हाल

सितारा न्यूज नेटवर्क

स्पेशल ब्यूरोक्रेसी खबर — सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** प्राचीन काल में महाभारत के युद्ध में पांडवों को परास्त करने के लिए गुरु द्रोणाचार्य की ओर से तैयार किए गए "चक्रव्यूह" की जैसे ही राजस्थान आवासन मंडल ने पेपर माफियाओं को धूल चटाने के लिए इतना मजबूत चक्रव्यूह का जाल तैयार किया है जिसे तोड़ पाना बड़े से बड़े शातिर दिमाग वाले पेपर माफिया के लिए नामुमकिन सा दिख रहा है, कहा जा रहा है कि महाभारत के युद्ध में अर्जुन पुत्र महारथी अभिमन्यु कम से कम चक्रव्यू को तोड़कर अंदर घुसने में तो कामयाब हो गए थे यहां राजस्थान आवासन मंडल में भर्ती परीक्षाओं में मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने पेपर माफियाओं के इरादों को नेस्तनाबूद करने के लिए जो चक्रव्यू का जाल तैयार किया है उस जाल में घुसना तो दूर की बात है, उसे तोड़ पाना भी बड़े से बड़े पेपर माफिया के लिए काफी मुश्किल होगा, विगत करीब 30 साल बाद मंडल की ओर से विभिन्न पदों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए मंडल कमिश्नर पवन अरोड़ा ने मंडल में तैनात मंडल के सचिव के नेतृत्व में जो टीम गठित की है उस टीम के सदस्य भर्ती परीक्षा को संपादित करने वाली संस्था सी डेस्क के साथ परीक्षा के आयोजन से जुड़े सभी छोटे-बड़े विषयों पर गंभीरता से मंथन कर परीक्षा के आयोजन की विशेष रणनीति तैयार की है ताकि कोई परिंदा भी पर ना मार सके ' मंडल कमिश्नर चाहते हैं कि इस परीक्षा में खुद को साबित करने वाले टैलेंटेड और मेहनती आवेदकों का ही चयन हो, ना यहां किसी की सिफारिश को मामूली भी तवज्जो दी जाएगी और ना ही इस भर्ती परीक्षा में कोई गड़बड़ी या अनियमितताओं के लिए कोई गैप छोड़ा गया है जिससे किसी परिंदे को पांव मारने का मौका मिल सके, हालांकि परीक्षा का आयोजन भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग से जुड़ी स्वायत्त संस्था सी डेस्क करवा रही है लेकिन मंडल कमिश्नर पवन अरोड़ा खुद इस पूरी परीक्षा की प्रक्रिया पर अपनी निगाहें का हुए हैं और जरूरत पड़ने पर परीक्षा के सफल और पारदर्शक आयोजन के लिए अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश सी-डेस्क संस्था को दे रहे हैं, कहने का तात्पर्य अरोड़ा ने परीक्षा के आयोजन के लिए सी डेस्क संस्था को भले ही आजादी दे दी हो लेकिन उसकी आजादी पर कंट्रोल खुद पवन अरोड़ा ने अपने हाथों में रखा हुआ है।

### 'कमिश्नर पवन अरोड़ा' भर्ती परीक्षा को लेकर क्यों है इतने 'सजग और चौकस'

राजस्थान आवासन मंडल में आगामी दिनों में करीब 250 विभिन्न पदों की भर्ती परीक्षा का आयोजन होना है, मंडल में करीब 30 साल बाद विभिन्न पदों के लिए नई भर्तियां होने जा रही है, पवन अरोड़ा चाहते हैं कि मंडल में सिर्फ और सिर्फ टैलेंटेड और होनहार आवेदकों का ही चयन हो ताकि राजस्थान आवासन मंडल की कार्यशैली और कार्यप्रणाली में और नयापन और सुधार हो सके, जानकारी के मुताबिक विगत कुछ सालों में राजस्थान सहित कई अन्य स्टेटों की भर्ती परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली और अनियमितताएं की शिकायतें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सुर्खियों में बनी रही, राजस्थान पुलिस ने भी भर्ती परीक्षाओं की धांधली और अनियमितताओं के मामलों में बड़ी संख्या में पेपर लीक करने वाले गिरोह से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया है इसलिए आगामी दिनों में राजस्थान आवासन मंडल की भर्ती परीक्षा के आयोजन पर कोई हल्की सी भी उंगली ना उठाएं और परीक्षा के आयोजन में धांधली, अनियमितताएं जैसे आरोप ना लगे बल्कि मंडल इस भर्ती परीक्षा में सिर्फ परीक्षा में खुद को साबित करने वाले आवेदकों का सिलेक्शन हो इसलिए मंडल कमिश्नर पवन अरोड़ा खुद परीक्षा के आयोजन से जुड़े छोटे-बड़े सभी विषयों पर परीक्षा का आयोजन करवाने वाली संस्था सी-डेस्क प्रबंधन के साथ नियमित रूप से मीटिंग आयोजित कर उन्हें सार्थक और पारदर्शक तरीके से परीक्षा आयोजित करवाने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार परीक्षा आयोजित करवाने वाली संस्था सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डेस्क) भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग से जुड़े स्वायत्त संस्था है और यह संस्था विभिन्न स्टेटों और केंद्र सरकार की भर्ती परीक्षाओं में निष्पक्ष और सफल तरीके से परीक्षा आयोजित करवाने के लिए जानी जाती है यही वजह है कि मंडल कमिश्नर पवन अरोड़ा ने मंडल की भर्ती परीक्षाओं के निष्पक्ष और पारदर्शी आयोजन के लिए इस संस्था का चयन किया।

पूर्वानुमान> 27°

| | बुध | गुरू | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

**क्रेशर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम अनिल कुमार को सौंपा ज्ञापन**

# क्रेशरों पर अवैध ब्लास्टिंग के खिलाफ एसडीएम कार्यालय पर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

**माकपा किसान नेता कॉमरेड अमराराम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन**

**कांटिया गांव में क्रेशर संचालकों द्वारा नियम विरुद्ध की जा रही है अवैध ब्लास्टिंग**

**पत्थर व कंक्रीट से भरे ओवरलोड डंपरों से हो चुके हैं कई हादसे**

### बारूद के तेज धमाकों से कई मकानों में आ चुकी है दरारे तो कई पशुओं की हो चुकी है मौत

सितारा न्यूज नेटवर्क





**दांतारामगढ़ / विनोद धायल।** दांतारामगढ़ उपखंड के कांटिया गांव में पहाड़ों में संचालित क्रेसर माइंस पर हो रही अवैध रूप से बारुद की ब्लास्टिंग और ओवरलोड डंपर चलाने के विरोध में कांटिया गांव के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक एवं माकपा नेता कॉमरेड अमराराम व सरपंच भगवान सहाय ढाका के नेतृत्व में एसडीम कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए क्रेशर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि कांटिया गांव में पहाड़ियों में नियम विरुद्ध अवैध रूप से बारुद की ब्लास्टिंग करके क्रेशर संचालक मनमर्जी कर रहे हैं जिसके चलते गांव में कई लोगों के मकानों में दरारे आ चुकी है कई मकान गिरने के कगार पर है और बारूद के तेज धमाकों के कारण कई पालतू मवेशियों की मौत भी हो चुकी है। वहीं उन्होंने बताया कि क्रेशर संचालक मनमर्जी से ओवरलोड डंपर चलाते हैं जिसके चलते सड़के टूट चुकी है और पत्थर व कंक्रीट गिर जाने के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर गांव में सड़क मार्ग जाम कर विरोध प्रदर्शन व धरना दिया था जिसके बाद क्रेशर संचालकों ने नियमानुसार कार्य करने की सहमति दी थी लेकिन उसके बावजूद हालात ज्यों के त्यों हैं लगातार उसी प्रकार से अवैध रूप से ब्लास्टिंग की जा रही है और ओवरलोड वाहन चलाए जा रहे हैं और माइनिंग विभाग के अधिकारी इन पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद एसडीएम अनिल कुमार ने शीघ्र ही माइनिंग विभाग पुलिस विभाग अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाकर मामले की गंभीरता से जांच करवा कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

वही किसान नेता कांग्रेस अमराराम ने कहा कि अगर प्रशासन ने शीघ्र ही ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं किया तो ग्रामीण अपने स्तर पर कार्रवाई करेंगे जिसकी समस्या जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## पंचाग

दिनांक:-09 अगस्त 2023 बुधवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | नवमी | 28:10:34 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | कृत्तिका | 26:27:38 |
| योग | वृद्वि | 15:38:54 |
| करण | तैतुल | 15:56:13 |
| करण | गर | 28:10:34 |
| चन्द्र राशि | मेष | 07:41:34 |
| चन्द्र राशि | वृषभ | 07:41:34 |
| सूर्य राशि | कर्क | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:56:19 |
| सूर्यास्त | 19:08:07 | |
| चंद्रोदय | 24:25:15 | |
| चंद्रास्त | 13:41:59 | |
| राहू काल | 12:32 - 14:11 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| लाभ | 05:56 - 07:35 | शुभ |
| अमृत | 07:35 - 09:14 | शुभ |
| शुभ | 10:53 - 12:32 | शुभ |
| चर | 15:50 - 17:29 | शुभ |
| लाभ | 17:29 - 19:08 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य भानुप्रकाश शास्त्री

# जयपुर में बोलेरो में जिंदा जला उपभोक्ता विभाग का ऑफिसर

**चलती गाड़ी में लग गई आग, बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला**

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार सुबह एक युवक बोलेरो गाड़ी के साथ जिंदा जल गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक राहुल चौधरी (35) उपभोक्ता विभाग में अकाउंट ऑफिसर था। घटना के बाद कालवाड़ थाना सीआई धर्मसिंह चौधरी ने एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया। सीआई धर्मसिंह ने बताया- सुबह करीब साढ़े 10 बजे राहुल इस सड़क से निकल रहा था। लोगों ने बताया- चलती कार में अचानक आग लग गई। मृतक समय रहते कार से निकल नहीं सका। मौके पर मौजूद लोगों ने अपने स्तर पर पहले आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन उसके बाद दमकल को मौके पर बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग को कंट्रोल में किया। गाड़ी में रखा सभी सामान जलकर राख हो गया है। घटना को लेकर परिजनों को जानकारी दी गई। पुलिस के अनुसार मृतक जयपुर के परिवहन नगर का रहने वाला था। शव को एसएमएस अस्पताल में रखवाया गया है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

### आरएएस परीक्षा की तैयारी कर रहा था

राहुल चौधरी और माया की शादी 2015 में हुई थी। राहुल आरएएस परीक्षा की तैयारी भी कर रहा था जबकि माया टीचर भर्ती परीक्षा की तैयारी रही है। उनके कोई संतान नहीं है। दो दिन पहले ही राहुल और माया चौमूं में मायके से लौटे थे। दोनों खातीपुरा स्थित परिवहन नगर में कई साल से रह रहे हैं। नागौर निवासी राहुल के परिजनों को भी पुलिस ने घटना की जानकारी दे दी है। वहीं पुलिस ने एफएसएल जांच के बाद शव को मॉच्युरी में रखवा दिया है।

### शॉर्ट सर्किल होने से हो सकती है यह घटना

कालवाड़ पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों पर कुछ नहीं कहा जा सकता। आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। हालांकि, दूसरे कारणों को लेकर भी जांच की जा रही है।

**पत्नी को हॉस्पिटल छोड़ ऑफिस के लिए निकला था:** पुलिस ने बताया- राहुल चौधरी आज खातीपुरा स्थित एक निजी अस्पताल में पत्नी को आंखों की जांच कराने के लिए छोड़ कर ऑफिस के लिए निकला था। उसका ऑफिस रेलवे स्टेशन के पास है। वह कालवाड़ कैसे पहुंचा, यह जांच का विषय बना हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर राहुल की पत्नी माया (32) को मौके पर बुलाया गया। गाड़ी की पहचान होने के बाद पत्नी निढाल हो गई। उसे कार में बैठाया गया। इस दौरान माया का परिवार चौमूं से घटना स्थल पर पहुंच गया।

**एडवोकेट रामेश्वर धायल बने विधि प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष**

## बढ़ रही एकता : जयपुर जाट पंचायत संस्थान अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क






**जयपुर।** जयपुर जाट पंचायत संस्थान के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न नियुक्तियां प्रदान की है। जाट महासभा ने एडवोकेट रामेश्वर धायल पुत्र दुलीचंद धायल को विधि प्रकोष्ठ जयपुर देहात के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया किया है। इस अवसर पर बार एसोशियसन किशनगढ़ रेनवाल के अधिवक्तागण शंकर लाल काजला, नरेन्द्र कुमार वर्मा, श्रवण लाल कुमावत, राजकुमार यादव, रामधन यादव, जयन्त चौधरी अनिल कुमार गगार्चार्य, मुकेश लेखरा, मुकेश बगडिया, अमित जैन किशन लाल मीणा, राहुल शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस मौके पर धायल का उपाध्यक्ष बनाने पर मिठाई खिलाकर व मालार्पण कर स्वागत किया गया और उत्तम कार्यकाल के लिए भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

## भगवान परशुराम की प्रतिमा देकर सम्मानित

सितारा न्यूज नेटवर्क



**बांदीकुई/हेमंत शर्मा।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा खंड बांदीकुई के संरक्षक शैलेंद्र जोशी पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देशन में सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम की पहल में ब्राह्मण समाज पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मचारियों में बृजेश कुमार शर्मा उपनिदेशक शिक्षा विभाग की राजकीय सेवा से गौरवपूर्ण सेवानिवृत्ति पर भगवान परशुराम जी का चित्र, साफा एवं माला द्वारा सम्मान किया गया जिसमें उपस्थित ब्राह्मण समाज पदाधिकारी नगर अध्यक्ष महेश चंद्र नागल, मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश मुंशी विधि सलाहकार, आर डी शर्मा पुस्तकालयाध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण आगावली नगर महामंत्री, राजेंद्र होदायली, राम अवतार जी मावा वाले, एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा ओ.ए. शिक्षा विभाग आदि लोग उपस्थित थे।

## निर्मला देवी सेवा संस्थान का पोस्टर विमोचन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** निर्मला देवी सेवा संस्थान का 4 अगस्त 2023 को पोस्टर विमोचन हुआ। पोस्टर का विमोचन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने किया। इस दौरान मंत्री खाचरियावास एनजीओ निर्मला देवी सेवा संस्थान के कार्य की सराहना भी की। इस मौके पर अध्यक्ष प्रिया सोनी, राहुल सोनी, विमल यादव, कुलदीप शर्मा, गौरव राज, उर्मिला जांगिड़, गीत शर्मा, उषा चरनाल, साजन खरडिया, सहित अनेक लोग मौजूद रहे। पोस्टर विमोचन का कार्य महाराणा प्रताप ऑटोडोरियम में किया गया। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को एक अलग मंच प्रदान करना है और उनको आगे बढ़ाना संस्था का मुख्य उद्देश्य है।

## समाजसेवी ओमवती नरवत की पुण्यतिथि पर होने वाले निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का हुआ पोस्टर विमोचन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।(विनोद धायल)** जय जवान समिति एवं खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में समाजसेवी ओमवती नरवत के चौथी पुण्यतिथि पर विशाल चिकित्सा शिविर 10 अगस्त शुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आदर्श विद्या मंदिर अंबाबाड़ी में किया जा रहा है जिसका पोस्टर विमोचन दीपक प्रधान, पब्लिक न्यूज के डायरेक्टर गोविंद मोहन गुप्ता ,पार्षद दिनेश कांवट ,पार्षद प्रदीप तिवाडी ,डॉक्टर संजय खंडेलवाल, डॉक्टर संजय मित्तल ,डॉ मनीष जैन, राजेश शर्मा, आदि समाजसेवी द्वारा किया गया जय जवान सोसाइटी के सचिव रिशांत सिंह नरवत ने बताया यह जयपुर का पहला चिकित्सा शिविर है जिसमें सभी बड़ी जांच जैसे 2D एको, पीएफटी, एंजियोग्राफी, बीएमडी, न्यूरोपैथी, एन सीवी, इ इ जी,इ सी जी ,सभी बड़ी जाचे निशुल्क की जाएगी एवं राजस्थान के जाने-माने चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे जरूरतमंद लोगों को इसका भरपूर फायदा मिलेगा।

## जोधपुर शहर में 17 हजार महिलाओं को मिलेंगे फ्री मोबाइल: नगर निगम ने की तैयारियां पूरी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** राज्य सरकार की ओर से महिलाओं को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना की लॉन्चिंग गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे। जोधपुर शहर के दोनों नगर निगम में मिलाकर 17580 महिलाओं को यह मोबाइल दिए जाएंगे। दोनों ही नगर निगम ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली है और मंगलवार को इसका परीक्षण भी किया गया।

**रेनवाल में होगा भव्य आयोजन**

## 'नानी बाईरो मायरो' में शिरकत करेंगे महामंडलेश्वर स्वामी कुशालगिरी महाराज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रेनवाल।** महामंडलेश्वर स्वामी कुशालगिरीजी महाराज (बॉस) 9 अगस्त 2023 को दोपहर 1:15 बजे रेनवाल में शिरकत देगें गौरतलब है कि माहेश्वरी भवन किशनगढ़ रेनवाल द्वारा आयोजित नानी बाईरो मायरो व श्री गोपाल महायज्ञ के चतुर्थ दिवस कार्यक्रम में पधार रहे हैं। आयोजन कताओं ने बताया कि कार्यक्रम में सनातन धर्म व कथा प्रेमियों को उनके प्रमुख धर्मगुरु के रुप में विशेष सानिध्य मिलेगा। आयोजन कताओं ने एक दिन पूर्व सूचित किया कि भारी संख्या में युवाओं और धर्म प्रेमियों का हुजूम उमड़ेगा, इस अत्यधिक भीड़ में स्वामीजी का कामधेनु सेना के पदाधिकारियों को पहचान पाना थोड़ा मुश्किल होगा अतः कामधेनु सैनिकों से विनम्र निवेदन है कि अपना कामधेनु सेना का कार्ड स्वामी को दिखावें ताकि स्वामी आपको पुस्तक व चाबी-छल्ला देकर आपका स्वागत सम्मान करें। इस दौरान आप बॉस के साथ सेल्फी व फोटो भी आराम से ले सकते हैं आप अपना मोबाइल पहले से अपने किसी मित्र को दिये हुए रखना ताकि उस दिव्य पल को फोटो के रुप में सहज लिया जाए।




यह जानकारी कामधेनु सेना के किशनगढ़ रेनवाल तहसील प्रभारी ग्यारसी लाल कुम्हार ने दी।

**हमारा लक्ष्य एक - राजाखेड़ा हो सर्वश्रेष्ठ**

# भाजपा युवा नेता दुष्यंत अशोक शर्मा और भाजपा युवा नेत्री मालविका मुदगल

सितारा न्यूज नेटवर्क



**राजाखेड़ा/अंकित गोयल।** राजाखेड़ा विधानसभा से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी भाजपा के कद्दावर नेता स्वर्गीय अशोक शर्मा के पुत्र भाजपा नेता दुष्यंत शर्मा और पुत्री मालविका मुद्गल लगातार कर घर घर जनसंपर्क कर लोगों की बुनियादी समस्याओं को जानकर सम्बंधित अधिकारियों से बातचीत कर निराकरण करने का आश्वाशन दिया उन्होंने कहा की आज और कल हमने राजाखेड़ा के चौहानपुरा में जनसंपर्क किया साथ ही हमने राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की 20 ग्राम पंचायतों शाहपुरा, जसूपुरा, मेहंदपुरा, चीलपुरा, सामौर बोथपुरा, बरैठा, विपरपुर, बीलपुर, सिलावट, मरैना, सिकरौंदा, सिंघावली, देवखेड़ा, मढ़ाभाऊ, मांगरोल, खुडिला, बसईयालालु, सदापुर में घर घर जनसंपर्क पूरा कर लिया और आगे भी 26 ग्राम पंचायतों और राजाखेड़ा के सभी वार्डों में जनसंपर्क करेंगे भाजपा युवा नेता दुष्यंत अशोक शर्मा ने कहा की राजाखेड़ा क्षेत्र में भ्रष्टाचार का जो नाला बह रहा है वो राजाखेड़ा कांग्रेस के कुशासन की मेहरबानी है और राजाखेड़ा से भाजपा विजई होने पर इस भ्रष्ट गंदगी के नाले को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा और राजाखेड़ा की कांग्रेस सरकार क्षेत्र में ऐसा कोई विकास कार्य नहीं कर सकी है जोकि प्रशंसनीय हो राजाखेड़ा के युवा बेहतर शिक्षा और रोजगार ना मिलने के कारण स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहा है उसके पास बेहतर शिक्षा के आयाम और रोजगार के पर्याप्त साधन होंगे तभी युवा राष्ट्र निर्माण की नींव में मजबूत ईंट बनकर अपना योगदान दे पाएगा राजाखेड़ा से भाजपा विजयी करने पर राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में बेहतर विकास कार्य किए जायेंगे भाजपा युवा नेत्री मालविका मुद्गल (मौली) ने कहा की हम राजाखेड़ा क्षेत्र की जनता की बुनियादी समस्याओं से घर घर जनसंपर्क कर रूबरू हो रहे है और हर गांव, हर ढाणी के प्रत्येक घर में जाकर भाजपा सरकार भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की नीतियों और योजनाओं जल योजना, सड़क योजना, गैस योजना, अन्य योजनाओं की लोगों से चर्चा कर प्रचार प्रसार कर रहे हैं मौली ने कहा की हम लोगों को अवगत करा रहे है की भाजपा सरकार के भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण के लिए और विकास के लिए हर संभव प्रयास किए है साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को भारी बहुमत से विजई कराने की जनता से अपील की राजाखेड़ा से भाजपा को विजयी हो जाने पर वो सभी विकास कार्य कराए जाएंगे जो राजाखेड़ा की कांग्रेस सरकार नहीं करवा पाई है हम राजाखेड़ा क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# डूंगर महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन








सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सम्भाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेशक डॉ. अजय प्रकाश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पंडित दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय सीकर के कुलपति प्रो. भागीरथ सिंह रहे तथा अध्यक्षता टांटिया विश्वविद्यालय श्रीगंगानगर के कुलपति प्रो. एम.एम.सक्सेना रहे। प्रो. पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठी से पर्यावरण संरक्षण को निश्चित रूप से बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर डॉ. अजय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भोजन सेवन की प्रकृति एवं स्वास्थ्य का सीधा संबंध होता है। उन्होनें विद्यार्थियों से अपील की अधिकाधिक रूप से प्राकृतिक भोजन का ही सेवन करना चाहिये। डॉ. गुप्ता ने कहा कि शरीर को ऊर्जा की एक निश्चित कैलोरी की आवश्यकता होती है जिसको उचित भोजन तथा शारीरिक श्रम के माध्यम से पूर्ण किया जा सकता है। उन्होनें युवाओं में जंक फुड के बढ़ते सेवन पर गहरी चिन्ता व्यक्त की। कुलपति प्रो. भगीरथ सिंह ने इस अवसर पर जीवन में अधिकाधिक रूप से वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होनें कहा कि बिना वृक्षों के पर्यावरण संरक्षण नहीं किया जा सकता। प्रो. सिंह ने कहा कि नाम की राशि एवं वृक्षों के प्रकार में सीधा संबंध होता है। उन्होनें कहा कि प्रत्येक पेड़ एवं प्रत्येक जीव का सीधे ही ईश्वर से संबंध होता है अतः पेड़ों को भगवान मानते हुए उनका भी पालन पोषण करना होगा।

कुलपति प्रो. एम.एम.सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण के प्रत्येक घटक की सुरक्षा करके ही सम्पूर्ण पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि पानी और वातावरण के प्रदूषण के बचाव में मानव समाज को सहयोग करना होगा तभी इसी प्रकार की संगोष्ठी की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी। डॉ. अनिला पुरोहित ने इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. इन्द्र सिंह राजपुरोहित के शुभकामना संदेश का वाचन किया। प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर प्राणिशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विकिरण एक आशा विषयक एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। डॉ. पुरोहित ने कहा कि इस अवसर पर विभाग का स्वर्ण जयन्ति वर्ष आयोजित किया गया जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संयोजक डॉ. अरूणा चक्रवर्ती ने बताया कि कुल चार तकनीकी सत्र आयोजित किये गये जिसमें डॉ. अजय प्रकाश गुप्ता, राष्ट्रपति पदक विजेता श्रीमती अरूणा बेन्स, केन्सर अस्पताल के श्री अद्यामन एवं उदयपुर के डॉ. विजय कोली ने अपने पत्र वाचन किये। तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता डॉ. मीरा श्रीवास्तव, डॉ. स्मिता जैन, डॉ. सुषमा जैन, डॉ. अनिल छंगाणी, डॉ. प्रताप सिंह, डॉ. लीना शरण एवं डॉ. चेतना अरोड़ा ने की। समन्वयक डॉ. कैलाश स्वामी ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी के पोस्टर जज के रूप में डॉ. योगेन्द्र सिंह एवं डॉ. आनन्द खत्री ने सहभागिता की एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आयोजन सचिव डॉ. अर्चना पुरोहित, डॉ. नरेन्द्र नाथ, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. अनिला पुरोहित, डॉ. इन्द्रा विश्नोई, डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौड एवं डॉ. नवदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### उर्मिला राजोरिया ने संभागीय आयुक्त का पदभार किया ग्रहण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर की नवनियुक्त संभागीय आयुक्त आईएएस उर्मिला राजोरिया ने संभागीय आयुक्त का पदभार किया ग्रहण। सितारा न्यूज नेटवर्क के संवाददाता से बातचीत में कहा कि पूरा बीकानेर संभाग विकास की ओर अग्रसर है, पिछले दशकों में अच्छा काम हुआ है ओर मेरी भी प्राथमिकता रहेगी कि संभाग के चारों जिलों में अच्छा काम हो। नए जिलों के गठन के बारे में उन्होंने कहा कि नए जिलों का गठन जनता के लिए लाभदाई होंगे, जिला मुख्यालय पहुंचने में जो कठिनाई होती थी वो कम होगी ओर कार्य जल्दी होगा।

### पुलिस ने बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में किया जागरूक

*थाना प्रभारी सचिन शर्मा ने स्कूली बच्चों दिए साइबर बचाव टिप्स*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**मंडावर।** थाना अधिकारी सचिन शर्मा ने शहर के विकास सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पंहुचकर छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम, पोक्सो व सड़क सुरक्षा नियमों बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आधुनिक युग में अधिकतर लोगों के पास मोबाइल फोन है। मोबाइल फोन इस्तेमाल करते समय हम सावधान व सतर्क रहकर ही साइबर ठगी से बच सकते है। थाना प्रभारी सचिन शर्मा ने स्कूली बच्चों बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग, नेट बैकिंग का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें तथा व्हाट्सएप या ई-मेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक को न खोलें। उन्होंने कहा कि बैंक संबधी किसी भी प्रकार की जानकारी सांझा न करें, क्योंकि ऐसा करने से वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। इसलिए लोगों को अपने ई-मेल या वाट्सएप पर ऐसे लिंक पर क्लिक करते समय आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी हो जाती है तो तुंरत साइबर हेल्पलाइन नंबर कॉल करें या साइबर पोर्टल वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। इसके बाद उन्होंने ने कहा कि यातायात नियमों की स्वयं पालना करें तथा अन्य लोगों को भी इस बारे प्रेरित करें। थाना अधिकारी ने कहा कि वाहन चलाते समय थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण अक्सर सड़क दुर्घटना हो जाती है,इसलिए सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों की सख्ती से पालना करनी चाहिए। इस मौके पर विद्यालय निदेशक विकास उपाध्याय, आकाश उपाध्याय, राकेश पटेल, राजेश शर्मा,सुरेन्द्र योगी, हेतराम मीना, दिनेश शर्मा, हरीश चौधरी,नरेश सैनी, सुरेन्द्र शर्मा, पप्पू राम मीना, सतीश बलाई सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहे।

### रैणी एसडीओ ने स्वतंत्रता दिवस को ध्यान मे रखते हुए ब्लॉक स्तरीय सभी विभागो के अधिकारियो की ली मिटिंग

मिटिंग के दौरान मेरी माटी-मेरा देश अभियान पर भी चर्चा की





**रैणी (अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड कार्यालय पर रैणी एसडीओ नवज्योति कंवरिया ने 15 अगस्त (स्वतन्त्रता दिवस) को ध्यान मे रखकर सभी तरह की व्यवस्थाओ हेतू उपखण्ड स्तरीय सभी विभागो के अधिकारियो की मिटिंग ली और सभी को बहुत अच्छी तरह से समझाया कि अपना कार्यक्रम बहुत ही अच्छी तरह से मैनेज होना चाहिए। इस दौरान रैणी तहसीलदार पृथ्वीराज मीना , रैणी पीडब्लूडी एईएन शिवराम मीना , प्रोग्रामर अरविन्द मीना , बीडीओ भूधर मल मीना सहित सभी विभागो के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे। रैणी-उपखंड अधिकारी कंवरिया ने मिडिया को बताया कि इस मिटिंग के दौरान मेरी माटी-मेरा देश अभियान को लेकर भी चर्चा की गई कि 09 अगस्त को ग्राम स्तर पर व 11 अगस्त को ग्राम पंचायत स्तर पर और 15 उपखण्ड स्तर पर यह कार्यक्रम रखा गया है ।मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी-उपखंड अधिकारी नवज्योति कंवरिया के द्वारा दी गई है।

### बीच सड़क चले लात घूसे: पावटा चौराहे पर दो गाड़ियों के आपस में टकराने के बाद दो पक्षों में मारपीट

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** शहर के पावटा चौराहे पर दो वाहनों के आपस में भिड़ने के बाद दोनों के चालक और उनके परिवार के लोग भी आपस में भिड़ गए। काफी देर तक बीच सड़क पर हंगामा होता रहा और लात घूसे भी चले। इसके बाद वहां मौजूद यातायात पुलिस और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर समझाइश की। दरअसल मंगलवार दोपहर बाद पावटा चौराहे के समीप एक कार आगे चल रही एक दूसरी कार के पीछे जा भिड़ी। बताया जाता है कि अचानक ब्रेक लगाने के कारण से यह हादसा हुआ। इसके बाद दोनों ही कार के चालक और उसमें मौजूद परिवार के लोग आपस में भिड़ गए।

**बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ चौमूं नगर के तत्वाधान में**

## विशाल नवम कावड़ यात्रा का हुआ पोस्टर विमोचन

सितारा न्यूज नेटवर्क




**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ चौमूं नगर के तत्वाधान में आगामी 21 अगस्त 2023 को प्राचीन धाम श्री मालेश्वर महादेव मंदिर म्हार कलां से चौमूं स्थित मदन मोहन के मंदिर, बापू बाजार तक आने वाली कावड़ विशाल नवम कावड़ यात्रा का पोस्टर विमोचन शहर की विभिन्न सामाजिक धार्मिक राजनीतिक व आगामी विधानसभा चुनावों में भावी विधायक पद के लिए जोर आजमाइश करने वाली हस्तियों द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया । पोस्टर विमोचन में एसीपी कैलाश जिन्दल, पूर्व एसीपी राजेंद्र सिंह निर्वाण, थानाधिकारी अमित कुमार शर्मा, धोली मंडी स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर के पुजारी कैलाश शर्मा, विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, सभापति विष्णु कुमार सैनी, उपसभापति किरण शर्मा,पूर्व आरएलपी प्रत्याशी व प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, भाजपा नेता श्रवण बराला, डॉ.हनुमान बराला, डॉ. शिखा मील, पीसीसी सदस्य रुक्मणि कुमारी, अभिषेक सैनी, स्वराज फाउंडेशन के संयोजक श्याम शर्मा, सुरेश विजयवर्गीय पार्षद महेश यादव, शंकर लाल जांगिड सीमेंट व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, डॉ.अभिषेक बराला, डॉ. दीपिका बराला, भावना बराला, देव श्री टेलीकॉम के ओनर संदीप गुप्ता द्वारा किया गया । इस अवसर पर कावड़ संघ के अध्यक्ष कुमार गौरव सैनी, मंत्री श्याम विजय शर्मा, अटल मेठी, राजेंद्र गुलिया, रमेश देवन्दा, गोरीशंकर छीपा, केदार छीपा, कमलेश सैनी, सिद्धांत जैन, प्रमोद गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायगा**

## आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ़-अलवर द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा

**इस अवसर पर हरिकिर्तन दंगल, पद दंगल व कन्हैया दंगल और ढाचा दंगल का भी आयोजन रखा गया है**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी (अलवर)/महेश चन्द मीना।** अलवर जिले में आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर द्वारा 09 अगस्त 2023 बुधवार को आयोजित होने वाले विश्व आदिवासी दिवस बडे ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा। विश्व आदिवासी (मूल निवासी) दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं एवं लोगों का अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन मिडिया के माध्यम से भी किया गया है। आयोजन समिति के सहसंयोजक रामस्वरूप रतनपुरा ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस इस बार मूल निवासी दिवस के रूप में मनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं जिसमें आयोजन स्थल की साफ सफाई , टेंट सम्बन्धित , पानी ,बिजली आदि के साथ-साथ स्थानीय गांव कालीपहाड़ी के प्रबुद्ध लोगों की एक व्यवस्थापन समिति भी संपूर्ण व्यवस्था की देखरेख करेगी तथा सभी गणमान्य अतिथियों , जनप्रतिनिधि , अधिकारी लेखक व प्रमुख वक्ताओं को आमंत्रण दिया गया है एवं क्षेत्र में माइक सेट में गाड़ी के द्वारा पर्चे बांटकर भी प्रचार प्रसार किया गया है और 09 अगस्त को लोक कलाकारों द्वारा कन्हैया , पद , हरिकीर्तन व ढांचा गीतों की रंगारंग प्रस्तुति के माध्यम से स्थानीय आदिवासी लोक कला व संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा एवं वक्ताओं द्वारा सामाजिक जागृति उत्थान एवं आदिवासियों के वर्तमान हालात व चुनौतियों पर व्याख्यान दिया जाएगा। मिडिया को यह सारी जानकारी लल्लुराम खुर्द के द्वारा दी गई है।

## दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत, चार गंभीर घायल



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा बहरोड।** अलवर बहरोड मार्ग के बर्डोद टोल प्लाजा के पास पेट्रोल पंप के सामने आपस में दो बाइकों में भिड़ंत होने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की जानकारी के अनुसार दो बाइक तेज गति से आपस में टकरा गई जिसमें सवार महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से कस्बे के कैलाश पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अधिक गंभीर होने पर जयपुर के लिए रेफर किया गया। घायलों की पहचान मुंडावर थाना क्षेत्र के पतलिया गांव निवासी रामनिवास व उत्तर प्रदेश झांसी निवासी कपूरी देवी, मक्खन लाल व जागुवास निवासी नरेश मिस्त्री के रूप हुई।

**सचिव एस. एल. चलावरिया ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता**

## बगरू पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन पर कार्यक्रम आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क



**बगरु ।** बगरू महिला पी.जी. महाविद्यालय, बगरू शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बी.ए. बी.एड. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी श्रीमती मोनिकी सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी रामजीलाल मीणा, नगरपालिका बगरू, महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव एस. एल. चलावरिया, अध्यक्ष रमेश चलावरिया, अभिभावक प्रतिनिधि चन्नालाल चलावरिया, कोषाध्यक्ष डॉ. सज्जन चलावरिया, प्राचार्य डॉ. मिथिलेश गुप्ता डॉ. नीता गुरबानी श्रीमती सुनीता भार्गव एवं समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

एस.बी.एस. संस्था जयपुर के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत नाटक में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने व स्वच्छता से नाता जोडो आदि विषयो पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने हेतु आमजन को जागरूक करने का संदेश दिया। नाटक में एस. बी.एस. संस्था के कलाकार मनोज कुमार योगी के निर्देशन में कलाकार प्रदीप कुमार अंकित शर्मा, रिषभ शर्मा, देवेन्द्र योगी एवं अनिल इत्यादि ने नाट्य मंचन में अभिनय किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त स्वयं सेविकाएँ उपस्थित रही।

## दस हजार से अधिक उत्पादों का संग्रह है सांच अब वेबसाइट के जरिये खरीदे उत्पाद

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** अलग अलग प्रकार के गिफ्ट आईटम को अब सोशल प्लेटफॉर्म के जरिये मंगवाने के लिये सांच ने वेबसाइट तैयार की है। जिसमें उनकी ओर से विक्रय किये जाने वाले दस हजार से भी अधिक उत्पादों का संग्रह उपलब्ध रहेगा। वेबसाइट पर सभी प्रकार के उत्पाद मय प्राइस देखे जा सकते है। जिसकी लांचिग मंगलवार को एक निजी होटल में जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा,महिला एवं अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघारतन,गृहविज्ञान महाविद्यालय की डीन विमला डुकवाल,केरियर काउन्सलर डॉ चन्द्रशेखर श्रीमाली,अरूण आचार्य,जयवीर सिंह शेखावत ने किया। इस मौके पर पूजा,मंजू दम्माणी,रवि गहलोत,देवाशीष कबीरा,आर जे मयूर,नितेश गोयल भी बतौर अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि युवाओं के लिये मेघा का प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। जिसने अथक मेहनत व लग्न के दम पर इस मुकाम को हासिल कर सभी के लिये प्रेरणास्त्रोत बन रही है। सांच की डायरेक्टर मेघा दुजारी ने बताया कि सांच के जरिये ग्राहक हर प्रकार के गिफ्ट आईटम मंगवा सकता है। जिसका संग्रह इस वेबसाइट पर अलग अलग कैटेगरी के जरिये उपलब्ध रहेगा। उन्होनें बताया कि 2016 में उन्होंने अपने अध्ययन काल के दौरान इस काम को शुरू किया। परिवार के सहयोग से आज वे हजारों लोगों से इसके माध्यम से जुड़ी और अनेक प्रकार के ज्वैलरी, गिफ्ट आईटम, फेस्टिवल आईटम, बुके, स्टेशनरी सामान, विवाह समारोह, लड्डू गोपाल के आइटम तथा पर्सनलाइट गिफ्टस को न केवल बनाती है बल्कि होलसेल व रिटेल दर पर विक्रय कर रही है। इसके लिये देश के कौने कौने से ग्राहकों के पंसदीदा गिफ्टस की उपलब्धता भी सांच के जरिये मिलती है। मेघा ने बताया कि किसी भी प्रकार के आइटम की होम डिलवरी की सुविधा भी रहेगी। शहर के बाहर के लोगों को दो दिन में उनके मंगवाएं उत्पाद को पहुंचा दिया जाएगा। साथ वेबसाइट के जरिये पहले सौ जनों को सामान मंगवाने पर पांच प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। दुजारी ने बताया कि वे एग्जीबिशन भी लगाती है। पहली बार 2017 में एम्जीबिशन लगाया। इतना ही नहीं वे समर कैंप के जरिये भी गिफ्टस आइटम बनाने के लिये अभ्यार्थियों को प्रेरित करती है। उनके विक्रय सामान की विश्वस्नीयता का प्रमाण इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें सांच ट्रेड मार्क व आई स्टार्ट तथा आर्टिशन कार्ड भी सरकार की ओर से जारी किया गया है। इस मौके पर नितेश गोयल,संजय दुजारी,कंचन दुजारी सहित अनेक जने मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# 'अविश्वास' को सियासी हित का अस्त्र बनाना सही नहीं

लोकसभा में लाए गए 'अविश्वास' प्रस्ताव का हश्र बेशक पहले से तय हो, और इससे सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा हो, लेकिन यह सरकार के लिए आईना जरूर है। पीएम मोदी सरकार के कामकाज के तरीके, अहम मुद्दों पर सरकार की राय और विपक्ष से संवाद आदि ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु हैं, जिनके आलोक में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। मणिपुर में हिंसा को नियंत्रित करने में केंद्र व मणिपुर की सरकार की लचरता साबके सामने है। महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था, केंद्र राज्य संबंध, आर्थिक सुस्ती व सुधार, एलओसी व एलएसी पर तनाव, प्रशासनिक, न्यायिक व पुलिए सुधार आदि ऐसे मसले हैं, जिन पर मोदी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है। संसद के जरिये जनता को जानने का हक है कि सरकार क्या कर रही है, क्या सोच रही है और आगे की रणनीति क्या है? सरकार का फैसला लेने का एलानिया तरीका भी लोकतंत्र में विमर्श के महत्व को कम किया है। विपक्ष के साथ संवाद में भी सत्ता पक्ष की पारदर्शिता का अभाव जहां असंतोष पैदा करता है, वहीं लोकतंत्र के असली ध्येय की अनदेखी करता है। इस बार मानसून सत्र की शुरूआत से लेकर सरकार ने सर्वदलीय बैठक की, सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार रहने की बात कही, विपक्षी नेताओं से संसद चलने देने की अपील की, लेकिन इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में लगातार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और कांग्रेस के प्रति हमलावर रहे। यह सत्ता पक्ष का दोहरा रवैया है। ऐसे में सहयोग की उम्मीद कैसे रख सकते हैं? विपक्ष से संसद में सहयोग चाहिए तो उसके प्रति विनम्र रहना होगा, उसकी बात भी सुननी होगी। दिल्ली अध्यादेश पर ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने तर्क में नेहरू, आंबेडकर को कोट करते रहे और अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मदन लाल खुराना जैसे नेताओं के अतीत के विचारों से परहेज करते रहे। अतीत में विपक्ष में रहने के दौरान भाजपा खुद दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग करती रही थी, अब सत्ता में है तो तर्क नेहरूवादी है। केंद्रीय राजधानी व उसकी संपत्तियों पर विशेष केंद्रीय अधिकार रखते हुए दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जा सकता है। यह कठिन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सोच समझ कर दिल्ली में सेवा पर अधिकार पर फैसला दिया था। केंद्र की संपत्ति दूसरे राज्यों में भी तो हैं, अकेले दिल्ली में तो नहीं है। हालांकि विपक्ष व खासकर कांग्रेस का रवैया भी ठीक नहीं है। संसद में हमेशा व्यवधान खड़ा करना, चर्चा नहीं होने देना, वेल में आकर हंगामा करना, लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा सभापति के आदेशों का सम्मान नहीं करना, मुद्दों पर बहस के लिए सरकार को अवसर नहीं देना, सर्वदलीय बैठक में दिए आश्वासनों का पालन नहीं करना, संसदीय धर्म नहीं निभाना, अपनी राजनीतिक जिद को लेकर अड़ियल रुख अपनाना आदि विपक्ष दल करते रहे हैं, जिससे उसने अपनी नकारात्मक छवि बना ली है। अविश्वास प्रस्ताव भी विपक्ष इसलिए लेकर आया है ताकि अपना राजनीतिक लक्ष्य साध सके व सरकार को परेशान कर सके। यूं तो नेहरू से लेकर मोदी सरकार तक अब तक 27 बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है और कभी भी यह सफल नहीं हुआ है। पीएम मोदी के खिलाफ 2018 के बाद यह दूसरी बार है जब अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इसको लेकर संसद में बहस जारी है, इस दौरान विपक्ष जहां सरकार पर आरोप आयद कर रहा है, वहीं सत्ता पक्ष भी प्रत्यारोप के जरिये अपने राजनीतिक एजेंडे को ही आगे बढ़ा रहा है। ब्रिटिश संसद की तरह हमारी संसद की भी भाषा, विमर्श और संवाद दलगत, व्यक्तिगत ना होकर राष्ट्रीय हित को केंद्र में रखकर हो तो, 'अविश्वास' जैसी कवायद का कोई अर्थ निकलेगा। विपक्ष को जरूर सोचना चाहिए कि क्या इसकी जरूरत थी? क्या इससे संसद का वक्त नहीं जाया किया गया? 'अविश्वास' को सियासी हित का अस्त्र बनाना सही नहीं है। संसद की राजनीति पार्टी की सियासत से अलग होनी चाहिए। संसदीय राजनीति राष्टीय भविष्य के प्रति अधिक मैच्योर दिखना चाहिए।

## आदिवासी दिवस

केशव तिवारी

# यूएनओ की रोक फिर भी क्यों मारे जा रहे आदिवासी?

सन 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन हुआ था। संयुक्त राष्ट्र महासंघ के गठन के बाद से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर यह संघ अपनी प्रभावशाली उपस्थिती भी दर्ज कराता रहा है। यह बात दीगर है कि अक्सर इसकी आलोचना होती रहती है। रूस और यूक्रेन की बीच छिड़ी जंग इसका ताजातरीन उदाहरण है। दूसरे शब्दों में भले ही विश्व कल्याण के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ योजनाएं बना रहा हो किन्तु वैश्विक महाशक्तियों के सामने यह संगठन कभी-कभी बौना प्रतीत होने लगता है। इसके बावजूद अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। संयुक्त राष्ट्र संघ की साधारण सभा द्वारा समय-समय पर अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाने की घोषणा की जाती रही है। इसी कड़ी में 23 दिसम्बर 1994 को संयुक्त राष्ट्र की साधारण सभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाने घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र संघ की इस घोषणा के बाद पहली बार पूरी दुनिया में 9 अगस्त 1995 को अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया गया। 1995 के बाद प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया। इतना ही नहीं इसके बाद 13 दिसम्बर 2007 को संयुक्त राष्ट्र संघ की साधारण सभा द्वारा आदिवासी जन घोषणा-पत्र का आस्ट्रेलिया, कनाडा व न्यूजीलैण्ड द्वारा कड़ा विरोध किया गया था।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर हमें उपरोक्त बिन्दुओं पर अवश्य विचार करना चाहिए। हमें देखना होगा की आजादी के 76 वर्षों बाद भी आदिवासियों की स्थिति बदली है या नहीं? आखिर क्या कारण है बस्तर पिछले तीन दशकों से उग्रवादी हिंसा का शिकार है? सन 2013 में बीजापुर जिले के एड़समेटा में 11 आदिवासी और 2014 में सारकेगुड़ा में 7 आदिवासी अर्द्धसैनिक बलों के हाथों मारे गये। सारकेगुड़ा और एड़समेटा के लोगों को आखिर कब न्याय मिलेगा? बीजापुर और सुकमा जिले के सीमावर्ती ग्राम सिलेगर आज भी सुलग रहा है। ग्राम सिलेगर के आन्दोलनकारियों से आखिर सरकार का संवाद कायम क्यों नहीं हो पाता है। नया राज्य बन गया। नये-नये बन रहे है। लेकिन कोण्डागांव जिले का प्रशासन आज तक कोटरलीबेड़ा गांव नहीं पहुंच पाया हैं, क्योंकि आवागमन के साधन नहीं है। अगर प्रशासन ईमानदार कोशिश करे तो आदिवासी समाज की तस्वीर बदली जा सकती है। माओवादियों के जनताना सरकार को जड़ से उखाड़ फेंका जा सकता है। शिक्षा का आलम यह है कि सरकार ने आदिवासी नेता शहीद महेन्द्र कर्मा के नाम से बस्तर में विश्वविद्यालय की स्थापना कर दी है किन्तु अधिकांश पद रिक्त पड़े हुए हैं। प्रोफेसरों का टोटा है। हाईस्कूलों में साईंस के शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। कमोबेश यही हाल स्वास्थ्य विभाग का भी है। यह बानगी मात्र है। यदि निष्पक्ष मीमांसा करें तो पायेंगे की देश के अधिकांश आदिवासी बाहुल्य इलाके विकास की बाट जोह रहे हैं। कहीं गरीबी तो कहीं उग्रवाद से आदिवासियों का संघर्ष जारी है। मणिपुर को भी इसी हिंसक संघर्ष से जोड़ा जा सकता है। केन्द्र सरकार हो या फिर राज्य सरकार उन्हें इस मुद्दे पर गौर करना चाहिए की देश के 56 प्रतिशत भूमिहीन परिवारों में से 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के हैं। इसके बावजूद विकास के नाम पर उनकी भूमि का अधिग्रहण एवं विस्थापन जारी है। यही कारण है कि जल, जंगल तथा जमीन को मुद्दा बनाकर जो आन्दोलन का सूत्रपात आदिवासी समाज ने किया है, वह अब धीरे-धीरे जो पकड़ता जा रहा है। पर्यावरण से गहराई तक जुड़े होने के बावजूद अंडमान की जारवा जनजाति समाप्त हो चुकी है छत्तीसगढ़ के बस्तर में दण्डामी माडिया का भी यही हाल है। मेघालय में रवासी जनजाति समुदाय का तेजी के साथ धर्म परिवर्तन कराया गया। वे आधुनिक बने किन्तु अब समाप्तप्राय हो चले हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर में भी विकास और धर्मान्तरण का असर आदिवासी समाज पर परिलक्षित होने लगा है। यदि बाहरी समाज विकास की अपनी अवधारणा इसी प्रकार थोपता गया तो उसके दीर्घकालिक परिणाम घातक निकलेंगे और इसी में विश्व आदिवासी दिवस के निहितार्थ भी छुपे हुए हैं।

*(अतिथि व्याख्याता, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग शहीद महेंद्र कर्मा विवि, जगदलपुर)*



## विश्लेषण

अवधेश कुमार

# हिंसा के सच की तलाश जरूरी

> सच यह है कि धार्मिक यात्रा को लेकर इससे पहले इस तरह की हिंसा भारत में नहीं हुई थी। जो लोग उसे सामान्य तनाव या दो पक्षों के टकराव के रूप में देख रहे हैं उन्हें वहां जाकर स्वयं सच्चाई देखनी चाहिए। किसी भी हिंसा, तनाव या समस्या में जो सच है उसे छिपाने की कोशिश होगी तो न सच्चे दोषी पकड़े जाएंगे और न इनकी पुनरावृति की संभावनाओं को खत्म किया जा सकेगा। नल्हर महादेव मंदिर अरावली की पहाड़ियों की तलहटी में है। यात्रा निकलने के 50 गज दूर वाहनों एवं अन्य सामग्रियों के जलने के अवशेष दिखाई देने लगेंगे। जले वाहनों के अवशेषों को हटाने के बावजूद काफी कुछ है जो बताता है कि हमला कितना भीषण रहा होगा।

नूंह मेवात की हिंसा को जो भी गहराई से देखेगा वह चिंतित और भयभीत हो जाएगा। मैं दो साथियों सामाजिक कार्यकर्ता भारत रावत एवं जमात उलेमा ए हिंद के प्रमुख मौलाना सोहेब कासमी के साथ कर्फ्यू तथा भय के बीच उन सारे स्थानों पर गया जहां हिंसा हुई थी। क्षेत्र के लोगों से मिलने की कोशिश की, जिनसे हो पाई उनसे बातचीत कर स्थिति को समझा। सच यह है कि धार्मिक यात्रा को लेकर इससे पहले इस तरह की हिंसा भारत में नहीं हुई थी। जो लोग उसे सामान्य तनाव या दो पक्षों के टकराव के रूप में देख रहे हैं उन्हें वहां जाकर स्वयं सच्चाई देखनी चाहिए। किसी भी हिंसा, तनाव या समस्या में जो सच है उसे छिपाने की कोशिश होगी तो न सच्चे दोषी पकड़े जाएंगे और न इनकी पुनरावृति की संभावनाओं को खत्म किया जा सकेगा। तो सच क्या है? जलाभिषेक यात्रा नल्हर महादेव मंदिर से निकलकर फिरोजपुर झिरका तक जाने वाली थी। नल्हर महादेव मंदिर अरावली की पहाड़ियों की तलहटी में है। वहां से निकलने का एक ही मार्ग है जो नूंह शहर की ओर आता है। वहां से आगे दो तरफ रास्ते फूटते हैं जिनमें एक मेडिकल कॉलेज होते हुए नूंह शहर जाता है और दूसरा सीधे नूंह शहर से मुख्य हाइवे तक। मंदिर से काफी दूर तक बस्ती नहीं है। यात्रा निकलने के 50 गज दूर आपको वाहनों एवं अन्य सामग्रियों के जलने के अवशेष दिखाई देने लगेंगे। पुलिस द्वारा जले वाहनों के अवशेषों को हटाने तथा सफाई करने के बावजूद काफी कुछ है जो बताता है कि हमला कितना भीषण रहा होगा। जब वहां कोई बस्ती है ही नहीं तो इतने वाहनों के जलाने का कारण क्या हो सकता है?

पता चला कि यात्रा आगे बढ़ी, कुछ लोग आगे निकल गए, कुछ बीच में थे और बीच वाले से हमले शुरू हो गए थे। उसके बाद लोगों को जान बचाने के लिए मंदिर की ओर ही वापस दौड़ना पड़ा। यात्रा में महिलाएं और बच्चे भी थे। पीछे पहाड़ से भी गोलियां चलाए जाने की बात बताई जा रही है। कुछ जो आगे निकल गए उन पर भी आगे हमले हुए। जिस अभिषेक को गोली मारने और गला काटने के समाचार आए वह थोड़ा आगे मेडिकल कॉलेज का चौक है। वहां जाने पर अपने आप समझ में आ जाता है कि मंदिर में जान बचाकर छिपे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में पुलिस को बहुत ज्यादा समय क्यों लगा होगा? वास्तव में मंदिर के आगे खाली जगह या उससे आगे की बस्तियों से हमले तथा पुलिस के साथ मुकाबले इतने सघन थे कि किसी को ले जाना खतरे से खाली नहीं था। पुलिस ने आरंभ में कुछ घंटे हिंसक तत्वों को परास्त करने की कोशिश की लेकिन देर होने पर फायरिंग कवर देते हुए थोड़ी-थोड़ी संख्या में पुलिस पहरे के बीच पुलिस वाहनों में धीरे-धीरे निकालने निकालना शुरू किया। इसमें देर रात हो गई।

कर्फ्यू और तनाव के कारण वहां नेताओं को तलाशना और मिलना कठिन था। नूंह शहर में आम आदमी पार्टी के नेता फखरुद्दीन अली अपने घर में मिले। उन्होंने कहा कि इस तरह हमले की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। पहले झड़प हुई, पुलिस आई, उसने हवाई फायरिंग की, कुछ लाठियां चलाई लोग भाग जाते थे। इस



बार पुलिस के साथ जिस ढंग से मोर्चाबंदी कर रहे थे, हमले और आगजनी कर रहे थे उससे साफ लगता है कि पूरी प्लानिंग की गई थी। उनका कहना था कि प्लानिंग मेवात में न होकर शायद राजस्थान के इलाके में हुई। नूंह जिला और पूरा मेवात क्षेत्र एक ओर राजस्थान के अलवर से लगता है तो दूसरी ओर मथुरा, भरतपुर आदि जुड़ा है। दूसरे लोगों ने भी कहा कि यात्रा नूंह से निकलकर आगे बड़कली तक पहुंच जाती तो कुछ हजार लोग मर सकते थे। ध्यान रखिए, यात्रा सौ गज भी नहीं चल पाई। नूंह शहर में भी हिंसा करने वाला समूह अलग-अलग दिशाओं में बंट गया, इस कारण भी मरने और घायल होने वालों की संख्या काफी कम रही। कुछ दुकानें लूटने लगे, जलाने लगे, तो कुछ बसों को रोक लोगों को उतारकर उनमें आग लगाने लगे। नूंह साइबर थाने का दृश्य भी आपको बहुत कुछ समझा देगा। एक तोड़फोड़ की गई बस को चलाते हुए साइबर थाने की दीवार तोड़ी गई, पुलिस की गाड़ियां चकनाचूर की गई। साफ लगता है कि हमलावरों का लक्ष्य साइबर थाने के रिकॉर्ड को खत्म करना था। मेवात पूरे देश में साइबर अपराध का सबसे बड़ा केंद्र है। दूसरी ओर के कुछ वीडियो तनाव के कारण थे या यात्रा निकालने वालों ने तनाव की स्थिति पैदा की तो साइबर थाने पर हमले का कोई कारण नहीं होना चाहिए। बसों से लोगों को उतारकर उनको अपमानित करना और बसों को जलाने का भी कारण नहीं हो सकता। अगर कुछ आपत्तिजनक था तो उसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से होनी चाहिए न कि हमले। सामान्य कारों में लोहे के अलावा कुछ नहीं बचा है। बसों की स्थिति भी लगभग यही है। इस तरह वाहनों को जलाना बिल्कुल प्रशिक्षित व प्रोफेशनल लोगों का काम है। तात्कालिक गुस्सा और उत्तेजना में वाहनों को थोड़ी क्षति पहुंच सकती है, धू-धू कर मिनटों में खाक नहीं किया जा सकता। यह बताता है कि बाजाब्ता तैयारी हुई, प्रशिक्षण दिया गया, संसाधन जुटाए गए। इतनी मात्रा में पेट्रोल मिनटों व घंटों में जमाकर वितरित नहीं किया जा सकता। आगे के कुछ वीडियो उपलब्ध हैं। कुछ भवनों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है जिनसे पत्थर व अन्य सामग्रियां चलाईं जातीं दिखीं। अब ध्वस्त सहारा होटल में सबसे ज्यादा पत्थर और बाकी चीजें मिली हैं। अरावली की पहाड़ियों से पत्थर काटे जाते हैं। उनको ढोने वाले डंपरों की संख्या काफी है, इसलिए पत्थर कहीं आए तो सामान्यतः संदेह नहीं होता। नूंह से 20 किलोमीटर दूर बड़कली की स्थिति भी भयावह थी। वहां नूंह जिला भाजपा के महासचिव की तेल मिल को जला दिया गया, दो गाड़ियां भी फूंक दी गई। लोगों ने बताया कि हमले 2 बजे किए गए जबकि पुलिस 12 बजे रात के बाद पहुंची। वहां 20-22 दुकानें जलीं हैं, जो एक ही समुदाय के लोगों की हैं। प्रश्न है कि उतनी दूर दुकानों को निशाना क्यों बनाया गया? उतने भीषण अग्निकांड के लिए सामग्रियां, उतनी संख्या में लोग अचानक नहीं आ सकते। नूंह में भी एक समुदाय की ही दुकानें लूटीं गईं, जलाई गई। इस तरह आप पूरी हिंसा की एक तस्वीर बनाएं तो साफ दिख जाएगा कि इसके पीछे लंबे समय की तैयारी थी। लोगों को तैयार तथा प्रशिक्षित किए बिना ऐसी समन्वित हिंसा संभव नहीं है। दोपहर 12 बजे के थोड़े समय बाद यात्रा पर हमला हुआ। पुलिस वहां 5 बजे के आसपास पहुंची। पूरा शहर हमलावरों के नियंत्रण में था। यह स्थिति बदलनी चाहिए। जो हमले के शिकार हुए, जिनकी संपत्तियां नष्ट की गई, उन्हें तुरंत पूरा मुआवजा मिले, उनके अंदर सुरक्षा का भाव उत्पन्न हो, हिंसा करने और करवाने वालों को महसूस हो कि सजा मिलनी निश्चित है यह प्रशासन और सरकार का दायित्व है। इसके साथ राजनीतिक-राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक समूह भी दोनों समुदायों के बीच जाएं, उनके अंदर के अविश्वास को कम करना तथा अतिवादी विचारों की ओर जा चुके युवाओं को वापस मुख्यधारा में लाना आवश्यक है। इसके लिए लंबे समय तक काम करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# भजन ही शरीर का प्राण



संकलित

**दर्शन**

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है।

# मन का भोजन हमारे विचार



संकलित

**प्रेरणा**

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया, तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

## सटाका




## आज की पाती

### आयुष्मान योजना का लाभ सभी को नहीं मिलता

केंद्र सरकार की गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही है। सरकार ने इस योजना को लागू कर गरीब लोगों को महंगे इलाज से मुक्ति दिलाने के लिए एक अच्छी पहल की है। बहुत से गरीब लोग इसका लाभ ले चुके हैं, बहुत से ले रहे होंगे और भविष्य में बहुतेरे लेंगे भी। हमारे देश में गरीबी बहुत है, इसलिए सरकार को ऐसी योजनाएं समय-समय पर अमल में लानी ही चाहिए। लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी गरीबों को मिल रहा होगा। कुछ समय पहले पंजाब में बुढ़ापा पेंशन फर्जीवाड़ा सामने आया था और भी फर्जीवाड़े सामने आए हैं। सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि सभी गरीब लोगों को इस योजना का लाभ मिले। *- संजय काले, रायपुर*

## ट्रेंड

### गठबंधन का ढोल फट गया



कहावत है- डूबते को तिनके का सहारा। अब कांग्रेस पार्टी की डूबती नाव के लिए यह 'घमंडिया गठबंधन' ही बचाखुचा आसरा था। लेकिन कल दिल्ली सेवा विधेयक पर वोटिंग में इस कथित 'विपक्षी एकजुटता' वाले घमंडिया गठबंधन का ढोल भी फट गया।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**


### स्तनपान को समर्थन जरूरी



कई देशों ने स्तनपान दर बढ़ाने में प्रगति की है, लेकिन यदि स्तनपान को बेहतर समर्थन दिया जाए तो और प्रगति की जा सकती है। विश्व स्तनपान सप्ताह आज खत्म हो रहा है, लेकिन काम पर माताओं का समर्थन करने का मेरा आह्वान जारी है!

**-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### राष्ट्र पहले स्थान पर रखा



यह प्रतीकवाद से भरपूर क्षण है। एक वृद्ध व्यक्ति जिसने हमेशा राष्ट्र को पहले स्थान पर रखा है, खराब स्वास्थ्य के बावजूद अपनी उपस्थिति से उसकी प्रतिबद्धता और निस्वार्थता की याद दिलाता है। डॉ. मनमोहन सिंह को प्रणाम।

**-शशि थरूर, कांग्रेस नेता**

### अफ़वाह मत फैलाइए



गृहमंत्री सदन में बौखलाए हुए थे, कहा "राघव चड्डा का नाम विशेषाधिकार समिति में भेजो।" क्या आपको पता नहीं सेलेक्ट कमेटी में नाम प्रस्तावित करने के लिए किसी के सिग्नेचर की ज़रूरत नहीं? झूठ और अफ़वाह मत फैलाइए गृह मंत्री जी।

**-संजय सिंह, आप सांसद**

संपादकीय

## करंट अफेयर

# सुगा द. कोरिया की सेना में सेवा देने वाले तीसरे सदस्य

दक्षिण कोरियाई सुपरस्टार सुगा इस साल की शुरुआत में अपनी पहली एकल यात्रा के बाद देश की अनिवार्य सैन्य सेवा शुरू करने वाले बांगटान सोनयोनडान (बीटीएस) के तीसरे सदस्य बन गए हैं।



बीटीएस सात सदस्यों का एक दक्षिण कोरियाई बैंड समूह है और 'के-पॉपस्टार' सुगा इसके सदस्य हैं। बिग हिट म्यूजिक ने एक बयान में कहा कि हम अपने प्रशंसकों को सूचित करना चाहेंगे कि सुगा ने सैन्य भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। सुगा जब तक अपनी सेवा पूरी नहीं कर लेते और सुरक्षित वापस नहीं लौट आते तब तक आप उन्हें निरंतर प्यार और समर्थन देते रहें। प्रतिद्वंद्वी उत्तर कोरिया की आक्रामकता के मुकाबले के लिए एक भर्ती प्रणाली के तहत दक्षिण कोरिया में 18 से 28 वर्ष की आयु के सभी सक्षम पुरुषों के लिए 18 से 21 महीने का सैन्य प्रशिक्षण जरूरी होता है। हालांकि, राष्ट्रीय प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले और शीर्ष पुरस्कार हासिल करने वाले एथलीट, शास्त्रीय और पारंपरिक संगीतकार, बैले और अन्य नर्तकों को अनिवार्य सैन्य सेवा के लिए विशेष छूट दी गई है। वर्ष 2020 में दक्षिण कोरिया की नेशनल एसेंबली द्वारा अपने सैन्य सेवा अधिनियम में संशोधन किए जाने के बाद बीटीएस ने 30 साल की उम्र तक अपनी सेवा स्थगित कर दी।

## ऑफ बीट

# तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत



भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## बंधु महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान में दिखाया उत्साह

**लोकतंत्र में युवाओं की सहभागिता महत्त्वपूर्ण : सरोज**





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**खाटूश्यामजी/विनोद धायल।** दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनिल कुमार के अनुसार मतदाता जागरूकता अभियान का स्वीप रथ मंगलवार को खाटूश्यामजी के बंधु बालिका महाविद्यालय तथा अलोदा के जगन टी टी कालेज पहुंचा, मोबाइल डेमोस्ट्रेसन वैन प्रभारी राजेंद्र सरोज ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बंधु महाविद्यालय में प्रबंध निदेशक सुरेश मावलिया और जगन टी टी कालेज के प्रबंध निदेशक श्रवण मावलिया के सानिध्य में महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मतदान योग्य हो चुके छात्र, छात्राओं के समक्ष ई वी एम प्रदर्शन किया गया जिसमे ई वी एम द्वारा मतदान करने, मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जुड़ाने की निर्धारित आयु, वी वी पेट मशीन से मतदाता की अपने वोट की संतुष्टि के बारे में विस्तार से समझाया गया साथ ही विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया । सहायक प्रभारी इंसाफ अली ने इस अवसर पर विद्यार्थियों और उपस्थित कार्मिको से मॉकपोल करवाया जिसमें प्रिंसिपल बीरबल कुड़ी, कमल कुमार, झाबर मल मावलिया सहित उपस्थित महिला कार्मिको ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रभारी सरोज ने सभी उपस्थित लोगों तथा विद्यार्थियों को आवश्यक रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई और कहा कि युवा देश की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं । स्कूलों में ई वी एम प्रदर्शन के दौरान उपस्थित नव मतदाताओं के रूप में 96 विद्यार्थियों और स्टाफ ने मॉक पोल किया ।इस अवसर पर अनेक महिलाएं तथा सुरक्षा कार्मिक रामसिंह,रघुवीर आदि मौजूद थे।

## श्री अग्रशक्ति महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया 'तीजोत्सव समारोह'





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रुपेश शर्मा।** श्री अग्रशक्ति महिला मंडल द्वारा होटल अलवर मोटेल में 'तीजोत्सव समारोह' बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'तीजोत्सव समारोह' के अन्तर्गत सभी महिलाओं ने रंग बिरंगी रंग के वस्त्र पहनकर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमे कार्यक्रम की शुरूआत गणेश जी एवं अग्रसेन जी महाराज की वन्दना एवं दीप प्रज्वलित करके की गयी खास तौर पर मनमोहक सावन से सम्बंधित विभिन्न गानों पर महिला सदस्यों ने नृत्य किया तथा एक दुसरे को बधाई देकर तीजोत्सव पर गीत गाये एवं उत्सव बहुत ही धूमधाम से पारम्परिक तरीके से विभिन्न मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों , झूले झूलकर तथा खेलो के साथ मनाया गया। इसी मौके पर श्री अग्रशक्ति महिला मंडल की तकरीबन 45 से अधिक महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमे अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, संरक्षक अल्का मित्तल, नुपूर गोयल, बिमला अग्रवाल, अलका गुप्ता, रीना सिंघल, प्रतिभा सिंघल, रेनू अग्रवाल, बबिता कट्टा, अर्चना सिंघल, प्रीती सिंघल, साधना, अंजू गोयल, निर्मला, रंजना, सुनीता,गरिमा, सीमा, अंजना, उमा, कान्ता , मीतू , दीक्षा, शिल्पी, मंजू, इत्यादि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## किरण स्कूल गोविन्दपुरा के छात्र मोहित चौधरी ने आईस स्टोक में जीता गोल्ड मेडल

**पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे किरण स्कूल के विद्यार्थी**

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** कालवाड़ रोड़ गोविन्दपुरा स्थित किरण बाल भारती सी. सै. स्कूल के छात्र मोहित चौधरी पुत्र श्री रामनिवास जाट कक्षा 10 वीं ने राजस्थान स्टेट आईस स्टोक चैंपियनशिप में अलग अलग प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत, तथा कांस्य पदक जीतकर संस्था और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया।संस्था निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने बताया की छात्र ने श्री महाराजा विनायक पीजी महाविद्यालय मीणा पालड़ी आगरा रोड जयपुर में 5 से 6 अगस्त तक आयोजित आईस स्टोक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर छात्र को विद्यालय में सम्मानित किया गया। तथा साथ ही विद्यालय परिवार ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# एससी-एसटी अत्याचार मामलो में अब संवेदनशीलता से होगी जांच, मिलेगा त्वरित न्यायः मंत्री जूली

### नवसृजित जिलों में एससी-एसटी एक्ट की जांच के लिए डिप्टी एसपी की अध्यक्षता में बनेगी सैल

### महिलाओं एवं बाल अपराधों के लिए एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में बनेगी सिकाऊ यूनिट

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

युवराज शर्मा/ अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत गठित राज्य स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। मुख्यमंत्री निवास पर बैठक में सीएम गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की संवेदनशीलता और पुलिस की कार्रवाई से एससी-एसटी वर्ग को न्याय सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने बताया कि एससी-एसटी अत्याचार के मामलों में पुलिस द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ बिना किसी दबाव व भयमुक्त होकर त्वरित अनुसंधान कर न्याय दिलाना सुनिश्चित किया करे। उन्होंने बताया कि पुलिस पर आम जनता की सुरक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। पुलिस द्वारा तुरंत एक्शन कर अपराधियों की गिरफ्तारियां की जा रही है।

उन्होंने बताया कि एससी-एसटी के प्रकरणों में एफआर के बाद भी पुलिस द्वारा प्रकरणों के रिव्यू का दायरा और बढ़ाया जाए। उन्होंने एससी-एसटी के लम्बित प्रकरणों में जांच कम से कम समय में पूरी करने, पुलिस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में कदम उठाने, महिलाओं के विरूद्ध अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक जनजागृति के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थानों में निर्बाध पंजीकरण के फैसले से संख्या में जरूर वृद्धि हुई है, लेकिन पूरे देश में सराहना भी हो रही है। इससे परिवादियों में पुलिस के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचा है।

बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय नए जिलों में एससी-एसटी एक्ट की जांच के लिए डिप्टी एसपी की अध्यक्षता में सैल बनेगी। महिलाओं एवं बाल अपराधों के लिए एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट फॉर क्राइम एगेंस्ट वूमेन (सिकाउ) यूनिट बनेगी ।एससी-एसटी एक्ट के प्रकरणों के निस्तारण का समय वर्ष 2017 में 197 दिन था। अब यह समय 64 दिन रह गया है। इसे 60 दिन से भी कम करने के प्रयास किए जाएंगे ।एससी-एसटी एक्ट के मामलों में पीड़ित प्रतिकर सहायता का भुगतान समयबद्ध तरीके से हो। केंद्र सरकार से मिलने वाला राशि में विलम्ब होने पर केंद्र सरकार से पत्राचार किया जाएगा। एससी-एसटी एक्ट की एफआईआर के साथ ही पीड़ित को पीड़ित प्रतिकर योजना का लाभ देने के लिए जरूरी जानकारियां भी पुलिस द्वारा तत्समय सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, 2 अप्रेल 2018 को हुए आंदोलन में एससी-एसटी वर्ग के विरुद्ध दर्ज अधिकांश मुकदमों को सरकार द्वारा निस्तारण किया जा चुका है। शेष मुकदमों को शीघ्रता से निस्तारण किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों की संख्या को चरणबद्ध रूप से बढ़ाकर क्षमता 50 हजार से दोगुनी कर 1 लाख की जाएगी। इसमें बालिकाओं की संख्या को वर्तमान की 15,000 से बढ़ाकर 50,000 एवं बालकों की संख्या को वर्तमान में 35 हजार से 50 हजार किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय शुरू करने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों में अध्ययनरत बालिकाओं एवं बालकों से मुख्यमंत्री का संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतिकरण ने बताया कि राज्य सरकार की संवेदनशील नीतियों के कारण एससी-एसटी अपराधों में कन्विक्शन रेट 12 प्रतिशत बढ़ी है। राजस्थान में एससी के प्रकरणों में कन्विक्शन रेट 42 प्रतिशत जबकि समस्त भारत का औसत 36 प्रतिशत, एसटी के प्रकरणों में कन्विक्शन रेट 45 प्रतिशत जबकि समस्त भारत का औसत 28 प्रतिशत है। यह देश में सर्वाधिक है। इसे और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अनिवार्य एफआईआर पंजीकरण के बावजूद भी अभी तक वर्ष 2023 में पिछले वर्ष के मुकाबले एससी-एसटी के विरुद्ध अपराध के दर्ज मुकदमों में 4 प्रतिशत की कमी आई है। एफआईआर के अनिवार्य पंजीकरण नीति से एससी-एसटी वर्ग को बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2015 में एससी-एसटी एक्ट के करीब 51 प्रतिशत मामले अदालत के माध्यम से सीआरपीसी 156(3) से दर्ज होते थे, अब महज 10 प्रतिशत रह गए हैं। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली, विधायक जे.पी. चंदेलिया, प्रशांत बैरवा, मुख्य सचिव उषा शर्मा, महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव गृह आनंद कुमार, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एंड एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग स्मिता श्रीवास्तव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। वीसी के माध्यम से विधायक पदमाराम और हीराराम मेघवाल शामिल हुए।



## पेड़ो की कटाई को लेकर सरपंच व वकील में विवाद, दोनों पक्षो के मामले दर्ज





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**वी.पी.मीणा बहरोड।** क्षेत्र के नांगल खोडिया गांव में बीते दिन सरपंच वेद कृष्णा व गाँव के पेशे से वकील राजीव के बीच सरकारी स्कूल के मैदान में पेड़ो की कटाई को लेकर विवाद पैदा हो गया। सरपंच वेद कृष्णा ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को सरकारी स्कूल के मैदान में तहसीलदार की अनुमति के द्वारा पेड़ों की कटाई की जा रही थी। इस दौरान गांव के राजीव ने दबंगई दिखाते हुए वहां काम कर रहे मेरे पिता पर हमला किया व मुझे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इसके पास जेसीबी मशीन है जिसका मेरे ऊपर दवाब बनाता है कि आप मेरी जेसीबी से ही काम करवाओगे। अन्यथा मैं काम नही करने दूंगा। जबकि मैंने समझाने का काफी प्रयास किया ।लेकिन उसके बावजूद भी मेरे ऊपर हमला किया गया। वहीं जानकारी देते हुए राजीव ने बताया कि सरपंच बिना किसी अनुमति के स्कूल मैदान में प्रिंसिपल की मिलीभगत से पेड़ उखाड़ रहा था। जब हमने उनसे अनुमति के बारे में जानने का प्रयास किया तो इन्होंने धारदार हथियार से मुझ पर हमला किया। जिससे मेरे चोट आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के मामले दर्ज कर जांच में जुटी है।

## जखराना टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ः रास्ते को लेकर गांव के लोगों से था विवाद

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के बहरोड़-नारनौल स्टेट हाईवे 114 पर जखराना टोल प्लाजा पर मंगलवार करीब 3 बजकर 30 मिनट पर कुछ लोगों ने तोड़फोड़ कर दी। टोल संचालक का आरोप है कि ग्राम पंचायत सरपंच करण सिंह यादव उर्फ गुड्डू ने अपने लोगों को फोन कर बुलाया और उन्होंने आते ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। ऑफिस के अंदर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। एलईडी को भी तोड़ दिया गया और ऑफिस के अंदर रखी हुई डीवीआर चोरी कर ले गए। जिसको लेकर टोल कर्मियों में हड़कंप बना हुआ है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी में सामने आया है कि टोल के पास गांव का पुराना रास्ता बंद करने से ग्रामीण नाराज थे। सरपंच करण सिंह यादव उर्फ गुड्डू ने कहा कि आज की घटना से मेरा कोई लेना- देना नहीं है। मुझे राजनीतिक द्वेषता के कारण बदनाम किया जा रहा है। और इस मामले में घसीटा जा रहा है। टोल प्लाजा के पास नरेगा में बना हुआ कच्चा रास्ता है। जहां से ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है। सुनने में आया है कि मंगलवार को खेत वाले ग्रामीण वहां गए थे। टोल प्लाजा कर्मियों और उनके साथ विवाद हुआ है। डीएसपी तेज कुमार पाठक ने कहा कि टोल संचालक और ग्रामीणों के बीच कच्चे रास्ते को लेकर आपसी विवाद लंबे समय से चल रहा है। अभी पुलिस थाने में रिपोर्ट नहीं आई है। दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। जैसे ही हमें रिपोर्ट प्राप्त होगी, उसे दर्ज करने के बाद जांच की जाएगी। मामले में देर शाम तक किसी भी प्रकार का मामला दर्ज नही हुआ।





## 'आदिवासी एक समान'

एक तीर एक कमान,  
आदिवासी एक समान  
पूरे विश्व में हमारी यही  
तो है पहचान।  
प्रकृति के संरक्षण में दे दिया  
हमारे पुरखों ने अपना बलिदान।  
इस धरा के हम पहले रहवासी है।  
हर युद्ध में हमारा सबसे पहले  
रहा है योगदान।  
अठारह सौ सत्तावन की क्रांति का  
पहला बिगुल हमारे पुरखों ने  
ही तो बजाया था ।  
मां भारती के चरणों में दे दिया था।  
सबसे पहले अपना बलिदान,  
मानगढ़ धाम में कतरा कतरा  
हमारे पुरखों ने ही तो बहाया था।  
महाराणा प्रताप की भुजाओं में  
बल हमारे पुरखों के साहस से  
ही तो आया था।  
हमारे पुरखों का उलगान जारी है।  
आज भी अपने हकों के लिए,  
संघर्ष हमारा जारी है।  
जय जोहार जय जोहार।



**सितारा न्यूज नेटवर्क**  
डॉ. कांता मीना  
शिक्षाविद् एवं साहित्यकार

**सरपंच संघ रैणी की तरफ से सभी सरपंचो ने 121 मीटर लम्बा साफा बांधकर विदा किया बीडीओ कालूराम मीना को**

# रैणी बीडीओ कालूराम मीना का विदाई समारोह कार्यक्रम शिव परिवार के जलाभिषेक करने के बाद शुरू

***बीडीओ मीना का विदाई समारोह स्थानीय विधायक, स्थानीय प्रधान और क्षेत्रीय जिला परिषद सदस्य तथा मण्डल डायरेक्टर एवं क्षेत्र के सभी सरपंचो ने फूल मालाओ और साफा बांधकर जोरदार स्वागत सत्कार के साथ किया विदा***

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी बीडीओ कालूराम मीना का तबादला झालावाड जिले मे हो गया है इसलिए मंगलवार को पंचायत समिति परिसर मे बीडीओ मीना का विदाई समारोह बडे ही धूमधाम से शिव मंदिर मे शिव परिवार के जलाभिषेक के बाद स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना व स्थानीय प्रधान मीरा मांगेलाल मीना व नगरपालिका चेयरमैन मीरा शिवचरण सैदावत और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव गब्बर सिंह मीना , क्षेत्रीय जिला परिषद सदस्य व मण्डल डायरेक्टर एवं रैणी क्षेत्र के सभी सरपंच तथा मालाखेड़ा से राजस्थान सरपंच संघ के संगठन मंत्री महेश पटेल वीडीओ व वीडीओ संघ के अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह बबेली , फिरोजपुर सरपंच और राजगढ बीडीओ तथा रैणी एसडीओ नवज्योति कवरिया व तहसीलदार पृथ्वीराज मीना तथा पंचायत समिति के समस्त ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी/अधिकारियो की मौजूदगी मे बडे ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ डीजे की धुन पर विदा किया गया।

इस अवसर स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना ने व प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने रैणी बीडीओ कालूराम मीना के कार्यशैली की बहुत ही ज्यादा प्रशंसा की और बताया कि आज तक रैणी मे ऐसा बीडीओ नही आया जिसने कर्मचारी/अधिकारी व जनप्रतिनिधियो के बीच ऐसा तालमेल बैठा दिया कि कभी भी रैणी की किसी भी सरपंच ने कभी भी शिकायत नही की और ऐसा बीडीओ पहली बार हमारे रैणी ब्लॉक को मिला ये बात स्वयं विधायक जौहरीलाल मीना ने तथा प्रधान प्रतिनिधी रिटायर्ड चीफ इंजीनियर मांगेलाल मीना ने मंच के माध्यम से अवगत कराया। इस दौरान बीडीओ मीना को सैकड़ो साफा बांधकर जोरदार स्वागत सत्कार किया तथा सरपंच संघ रैणी की तरफ से 121 मीटर लम्बा साफा बांधकर स्वागत किया ।सभी ने नम आखो से सरकार के निदेशानुसार बीडीओ को विदा किया और भगवान से प्रार्थना की कि हर जगह पर बीडीओ का ऐसे ही मान सम्मान होता रहे। इस अवसर पर पंचायत समिति रैणी परिसर मे ही एक बड़ा सामुहिक भोज भी रखा गया।








गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

# रक्तदान शिविर में 351 जनों ने किया रक्तदान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर स्थित जेडी हॉस्पिटल में मंगलवार को स्वर्गीय श्रृंगारी देवी जाखड़ की तेरहवीं पुण्यतिथि पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के युवाओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए 351 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में चोमू के जनता ब्लड सेंटर, बराला, जीवन ज्योति ब्लड सेंटर व राम ब्लड सेंटर की टीमों द्वारा रक्त संग्रहण का कार्य किया गया। सीईओ डायरेक्टर मदन जाखड़ व दीपक कुमावत ने बताया कि शिविर में रक्त दाताओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया जिनको प्रोत्साहित करते हुए एक लैपटॉप बैग, छाता व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ आरएस जाखड़, कांग्रेस नेता सुभाष मील, खंडेला प्रधान गिरिराज सिंह, मुखाराम जाखड़, झाबर सिंह जाखड़, पप्पू राम कुमावत, एचआर मैनेजमेंट ऑफिसर महेश जाखड़, गैलेक्सी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सुनील कुमावत, गोवर्धन जाखड़, हरलाल सिंह, ओमप्रकाश बराला, साधु राम रुण्डला, अर्जुन सिंह लांबा, डॉ मधु महला, डॉ मुकेश कुमार खेदड़, डॉ आरपी सामोता, डॉ शिव नारायण विश्नोई, डॉ सीएम जाखड़, डॉ एलसी यादव आदि मौजूद थे।

*सदर थाना पुलिस की कार्रवाई*

# अवैध खनन/परिवहन के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान

*अभियान के दौरान दो ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध पत्थर (खण्डा) को किया जब्त*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल।** महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय जिला धौलपुर मनोज कुमार आईपीएस के दिशा निर्देशन में एवं देवेन्द्र सिंह राजावत आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी व वृत्ताधिकारी वृत्त बाडी महेन्द्र सिंह आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में दिनांक 06.08.2023 को अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध पत्थर(खण्डा) भरी हुई को अलग अलग जगह से जब्त किया गया ट्रैक्टर चालक, ट्रैक्टर ट्रॉलीयों को छोड़कर भागने में सफल रहे जिनके खिलाफ दो अलग अलग प्रकरण अन्तर्गत धारा 379 IPC, 41, 42 Forest Act, 4/21 MMRD Act में पंजीबद्ध कर अनुसंधान व तलाश जारी है कार्यवाही करने वाली टीम का विवरण विजय सिंह छोंकर उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना बाडी सदर थानसिंह, रघुवीर सिंह, बन्टी सिंह, पवन कुमार, महेश कुमार, मोहन प्रकाश, अवधेश, पवन कुमार, राजेश चालक थाना बाडी सदर मौजूद रहे,

# 100 पीपों में भरा 1,500 किलो बासी रसगुल्ला करवाया नष्ट,स्वास्थ्य विभाग की करणी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यवाही

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा दल द्वारा करणी औद्योगिक क्षेत्र में जांच निरीक्षण व नमूनीकरण की कार्यवाही की गई। यहां एक निर्माण इकाई में पाए गए 100 पीपों में भरे सड़े हुए 1500 किलो रसगुल्लों को मौके पर नष्ट करवाने की कार्यवाही की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पवार ने बताया कि मैसर्स कन्हैया फूड प्रोडक्ट्स की निर्माण इकाई में निरीक्षण के दौरान रसगुल्ले के जंग लगे हुए 100 पीपो में रसगुल्ले अवधि पार तथा बिना किसी लेबल के रखे हुए थे। देखने तथा सूंघने पर दुर्गंध आ रही थी। उपरोक्त लगभग डेढ़ हजार किलो रसगुल्ले को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। यहां से घी का एक नमूना एफएसएस एक्ट के अंतर्गत लिया गया जिसे जांच हेतु जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बीकानेर भिजवाया जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कारवाई में बीकानेर जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह, श्रवण कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार तथा राकेश गोदारा शामिल रहे।



# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार हॉस्पिटल के आगे से चुराई थी बाइक

**जोधपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की नागोरी गेट थाना पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अब उस से चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। थाने में दी रिपोर्ट में पीड़ित रामलाल ने बताया कि वह प्राइवेट हॉस्पिटल में नौकरी करता है 6 अगस्त को अपने मित्र की बाइक मांग कर लाया। हॉस्पिटल की पार्किंग में बाइक खड़ी कर अंदर गया। कुछ समय बाद वापस लौटकर आया तो बाइक नहीं मिली। आसपास पता करने पर भी जब सुराग नहीं लगा तो थाने में मामला दर्ज करवाया।घटना के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान की। पूछताछ में बाइक चोरी कबूल करने पर पुलिस ने दिनेश बिश्नोई पुत्र पुनाराम विश्नोई निवासी चंदन नगर पुलिस थाना लोहावट को गिरफ्तार कर लिया। उससे चोरी की बाइक भी बरामद की गई है।

## जागरूक विधायक :-

# विकास कामों के निमार्णाधीन प्रोजेक्ट का मौके पर जाकर 'अवाना' का सघन निरीक्षण

## देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष और स्थानीय विधायक जोगिंदर सिंह अवाना की चेतावनी :

## गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतरे निर्माण, लापरवाही की तो खैर नहीं

सितारा न्यूज नेटवर्क





**नदबई/उच्चैन।** 4 साल पहले उच्चैन को नदबई विधानसभा की एक ग्राम पंचायत के रूप में जाना जाता था पर जब से यहाँ विधायक जोगिंदर सिंह अवाना बने है तब उच्चैन को बहुत कुछ मिला है विधायक द्वारा उच्चैन में विकास की कई बड़ी बड़ी सौगाते लेकर आये है और उन सौगातो का लाभ क्षेत्र की जनता हो मिले उसके लिए हर दम भर कम प्रयास कर रहे है उसी को देखते हैं देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना उच्चैन के प्रधान हिमाशु को साथ क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो का निरीक्षण करने निकल पड़े विधायक ने उच्चैन में निमार्णाधीन सरकारी कार्यालयों के भवनों का निरीक्षण किया जिसमें बालिका महाविधालय का नवीन भवन 4.5 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है उसके साथ साथ नवीन तहसील भवन 1.5 करोड़ रुपए की लागत से, स्टेडियम 1.5 करोड़ रुपए की लागत से, पीडब्ल्यूडी कार्यालय 25 लाख रुपए की लागत से, पंचायत समिति का भवन 2 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा ,उपखण्ड अधिकारी कार्यालय नगर पालिका जैसे मुख्य मुख्य सरकारी कार्यालय यहां पर बनने जा रहे हैं जिससे इस जगह को मिनी सचिवालय का दर्जा मिल रहा है इसके अलावा नगर पालिका उच्चैन के क्षेत्र खरका में 9 करोड रुपए की लागत से पॉलिटेक्निक कॉलेज का नवीन भवन निमार्णाधीन है और 11 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से iti कॉलेज का भवन बन रहा है और राजकीय महाविद्यालय जिसे अभी हाल ही में स्नातकोत्तर पी. जी. में क्रमोन्नत हुआ है उसके नये भवन का कार्य 4.5 करोड़ रुपए की लागत से खारका में चल रहा है वही मुढेरा में sc बालिका छात्रावास 2 करोड़ 50 लाख की लागत से भवन का कार्य चल रहा है यह सब सौगाते उच्चैन को विधायक अवाना अपने कार्य काल में लेकर आये विधायक ने बताया की उच्चैन विकास के मामले में काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र था यहाँ शिक्षा के साथ विकास कार्यो का भी बहुत अभाव था पर जब से विधायक बना हू तक सी उच्चैन को एक के बाद एक सौगात लेकर आया हु अब तक उच्चैन में 41 सरकारी कार्यालय आ चुके है जिनमें मुंसिफ कोर्ट, सीओ ऑफिस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जैसे ब्लॉक स्तर के समस्त सरकारी कार्यालय उच्चैन में आ चुके हैं जिनकी कुछ की नवीन भवन निर्माण की कुछ की स्वीकृति आ चुकी है कुछ का आना बाकी है जिनकी आ चुकी है उनका कार्य तेज गति के साथ चल रहा है और जिनकी आना बाकी है वो उनकी जल्द ही स्वीकृति आ जायेगी वही विधायक ने मिनी सचिवालय का निरीक्षण के दौरान संबधित अधिकारीयों से वार्ता की और तय समय पर कार्य पुरा करने के निर्देश दिये और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा इस मौके पर नगरपालिका अधिशाषि अधिकारी केंद्रप्रसाद शर्मा, सीबीईओ गजेंद्र सिंह, संजय, हंसराम, महेश, राजेश छाबडी सहित कई उपस्थित रहे।

## सड़को का शिलान्यास और लोकार्पण किया

# करोड़ों रुपए के विकास कार्य किये जनता को समर्पित : विधायक हुडला





सितारा न्यूज नेटवर्क

**महुवा।** महवा के सर्व समाजी विधायक ओम प्रकाश हुडला ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खेडला तालचिड़ि और कोंडला, औंड मीना में कई करोड़ रुपए की राशि के सड़को का शिलान्यास और लोकार्पण किया, जिसमे उन्होंने ग्राम पंचायत खेडला में टीकम सिंह के मकान से गिरधर के मकान तक सीसी सड़क राशि 15 लाख ,खानपुर में कोंडला सड़क से जाटो की ढानी तक सड़क राशि 20 लाख ,औंड गुर्जर खानपुर रोड से प्रहलाद बैंसला ढानी की ओर सड़क राशि 15 लाख ,ग्राम पंचायत में ओंड मीना भूडा पूरा गाँव की मुख्य सड़क राशि 30 लाख ,छतरी से माधो सिंह की ढानी ओंड मीना तक सड़क राशि 20 लाख ,ग्राम पंचायत तालचिड़ि में साधु का नंगला से प्रेमचंद की ढानी तक सड़क राशि 10 लाख ,कंचनपूरा श्मशान घाट सड़क राशि 15 लाख ,सुरक्षा दीवार निर्माण अपूर्ण सुरक्षा दीवार से श्मशान की ओर साधु का पूरा तालचिड़ि राशि 6 लाख ,सुरक्षा दीवार निर्माण गर्ल्स स्कूल से प्रेम चंद के खेत की ओर अलीपुर राशि 6 लाख ,अथाई निर्माण कार्य साधु का पूरा तालचिड़ि राशि 3 लाख ,कमल गुर्जर के घर से अपूर्ण सड़क की ओर जहाजपुर सीसी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य राशि 01 लाख शामिल हैंइस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को सडको से जोडने का काम प्राथमिकता से किया जा रहा हैं । ग्राम पंचायतों में सामूहित हित की समस्याओं को निस्तारित करने से विकास को त्वरित गति मिलेगी और अधिकाधिक लोग भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुन मौके पर ही समाधान करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने कहा की सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी संबंधित स्टेक होल्डर्स को मिलकर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जान-माल की हानि अन्य किसी भी वजह से होने वाली मौतों की संख्या के मुकाबले कहीं अधिक है। ऐसे में राज्य में सड़क सुरक्षा की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है और हम सबको भी इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को रोकने के लिए सुरक्षित सड़कों और वाहन चालकों में जागरूकता के साथ विश्वस्तरीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप वाहनों का निर्माण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वाहनों में आधुनिक सेंसर, सुरक्षा के सभी आधुनिक उपकरण का होना और सभी वाहनों का लगातार इंस्पेक्शन करना जरूरी है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सरमथुरा थाना पुलिस की कार्रवाई, अवैध जुआ के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

*जुआ खेलते 04 मुल्जिमों को किया गिरफ्तार, उनके कब्जे से 23700 रुपये जुआ राशि व ताश के पत्ते किये जब्त*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** कार्यवाही विवरण - जिला पुलिस अधीक्षक महोदय जिला धौलपुर मनोज कुमार आईपीएस के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला धौलपुर ओमप्रकाश मीणा आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ धौलपुर देवेन्द्र सिंह राजावत आरपीएस तथा वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा रविराज सिंह आरपीएस के निकटतम सुपरवीजन में व कृपाल सिंह उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना सरमथुरा के नेतृत्व में पुलिस थाना सरमथुरा की जुआ खेलने वाले अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही



घटना विवरण - दिनांक 07-08-2023 को देर रात तक चली कार्यवाही के दौरान कृपाल सिंह उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना सरमथुरा के नेतृत्व में थाना सरमथुरा पुलिस द्वारा जुआ खेलने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर गांव बरौली में बिजली घर के पास जुआ खेलते 1- भगवानसिंह पुत्र दिवाई चन्द जाति मीना उम्र 25 वर्ष निवासी बरौली थाना सरमथुरा जिला धौलपुर 2. रुपा पुत्र गुटई जाति मीना उम्र 34 वर्ष निवासी बरौली थाना सरमथुरा जिला धौलपुर 3. धर्मसिंह पुत्र मिश्रा जाति मीना उम्र 25 वर्ष निवासी सिद्धपुरा थाना आगई 4. सोनू पुत्र बाबू जाति कोली उम्र 28 वर्ष निवासी खरौली थाना सरमथुरा जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया जाकर मुल्जिमों के कब्जे से 23700/- रुपये जुआ राशि जुआ उपकरण ताश के पत्तों को जब्त किया गया जिस पर मुकदमा नंबर 283/2023 धारा 13 आरपीजीओ थाना सरमथुरा में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। भविष्य में भी अवैध जुआ सट्टा खेलने वाले अपराधियों व अवैध गतिविधियों में लिए अपराधियों की धरपकड़ का खिलाफ अभियान रहेगा जारी। कार्रवाई टीम विवरण कृपाल सिंह उप निरीक्षक थानाधिकारी, सुरेश चन्द थाना सरमथुरा मौजूद रहे

# नारायणपुर को पंचायत समिति बनाने की अधिसूचना जारी, ग्रामीणों ने बांटी मिठाई



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)।** राज्यसरकार द्वारा मंगलवार को नारायणपुर को पंचायत समिति बनाए जाने की अधिसूचना जारी करने पर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीणों खुशी का महौल हैं। नारायणपुर कस्बे को पंचायत समिति बनाये जाने की वर्षो पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने उधोग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया हैं। वही कस्बे के ग्रामीण व कांग्रेस कार्यकताओं ने देर शाम मिनिसचिवालय में मिठाई बांटकर व आतिशबाजी कर खुशी प्रकट की हैं। नवगठित पंचायत समिति में थानागाजी की 10 व बानसूर की 9 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया हैं। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी, सरपंच मोहन लाल वर्मा, भागीरथ सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश प्रजापत, समाजसेवी हीरालाल धाबाई, सीताराम मीणा, हरदान गुर्जर, भैरू रैगर, गिर्राज सैनी, डीपी यादव, धोलाराम गुर्जर, पप्पू गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## युवाओं की नेक पहल...

# प्राण वायु रक्षा : माँ करणी कृपा सुपर-30 छात्रावास में हुआ पौधारोपण

## निदेशक डॉ. माधोसिंह चारण के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम

## प्रबंध निदेशक अभिमन्यु सिंह चारण की पहल पर हुआ कार्यक्रम

सितारा न्यूज नेटवर्क





**हिंगोनियां।** कस्बें के सरकारी अस्पताल के पीछे स्थित माँ करणी कृपा छात्रावास का हमेशा राष्ट्रहित और सांस्कारिक नीति के अंतर्गत शिक्षा देने का ध्येय रहा है, इसी के क्रम में निदेशक डॉ.माधोसिंह चारण के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। माँ करणी कृपा सुपर-30 छात्रावास परिसर में मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के कई पौधे लगाये गए। छात्रावास में अध्ययन कर रहे कई युवा और होनहार बच्चों के साथ यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें निदेशक डॉ. माधोसिंह ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। उन्होंने स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक अभिमन्यु सिंह ने कहा कि इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। इस दौरान समस्त शिक्षकगण अशोक कुमार कुमावत , मनोज भारद्वाज, कमलेश चौहान, ममता कुमारी, ममता शर्मा , निशा, रेखा आदि कई उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

बैडमिंटन रैंकिंग

## सिंधू को दो स्थान का फायदा, श्रीकांत 20वें स्थान पर खिसके



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं लेकिन किदांबी श्रीकांत एक स्थान के नुकसान से 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। खराब फॉर्म से जूझ रही सिंधू को पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की बेइवेन झेंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जो बाद में चैंपियन बनीं थी। श्रीकांत को भी सिडनी में अंतिम आठ के मुकाबले में हमवतन प्रियांशु राजावत के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### बाकी खिलाड़ियों की ऐसी रही रैंकिंग

ऑस्ट्रेलिया ओपन के उप विजेता एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः नौवें और 11वें स्थान पर बने हुए हैं। पिछले हफ्ते सिडनी में सुपर 500 टूर्नामेंट में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले राजावत तीन स्थान के फायदे से 28वें पायदान पर पहुंच गए हैं। मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज सात और छह स्थान के फायदे से क्रमशः 43वें और 49वें स्थान पर हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे स्थान के साथ भारतीयों के बीच शीर्ष पर है। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी दो स्थान के नुकसान से 19वें स्थान पर खिसक गई है।

विश्व विश्वविद्यालय खेलों में रहे सातवें स्थान पर

# भारत ने यूनिवर्सिटी गेम्स में 11 स्वर्ण सहित जीते 26 पदक

एजेंसी ▶▶| चेंगदू

भारत ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों में मंगलवार को यहां अपने अभियान का अंत अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 26 पदक के साथ किया जिसमें 11 स्वर्ण भी शामिल हैं। भारत 11 स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य पदक के साथ सातवें स्थान पर रहा जो पदक तालिका में उसका सर्वश्रेष्ठ स्थान है।

भारत ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों के इस सत्र में पिछले सभी खेलों से अधिक पदक जीते। विश्व विश्वविद्यालय खेल 2023 से पहले भारत ने इन खेलों में सिर्फ 21 पदक (छह स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य) जीते थे। भारत ने इस बार इन खेलों के लिए 256 खिलाड़ियों का दल भेजा था।



### चीन शीर्ष पर, जापान रहा दूसरे नंबर पर

मेजबान चीन 103 स्वर्ण, 40 रजत और 35 कांस्य पदक सहित कुल 178 पदक के साथ शीर्ष पर रहा। जापान ने 21 स्वर्ण, 29 रजत और 43 कांस्य पदक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कोरिया 17 स्वर्ण, 18 रजत और 23 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

### इन खेलों में भी खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

ट्रैक एवं फील्ड में भारत ने अपने सबसे अधिक 82 प्रतिभागियों को उतारा था लेकिन वे सिर्फ चार कांस्य पदक जीत पाए। इक्कीस सदस्यीय निशानेबाजी टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक जीते जबकि तीरंदाजी में भारत को तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक मिले। एक कांस्य पदक जूडो में मिला।

## शॉन ने तैराकी में सिल्वर और अनुप्रिया ने जीते रजत व कांस्य



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल युवा खेलों में भारत के शॉन गांगुली ने तैराकी में सिल्वर मेडल जीता है, जबकि महिलाओं की शॉट पुट प्रतियोगिता में अनुप्रिया वलियट ससी ने रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया है। ट्रिनबागो में चल रहे राष्ट्रमंडल युवा खेलों में 400 मीटर व्यक्तिगत तैराकी प्रतियोगिता में भारत के शॉन गांगुली ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। वहीं महिलाओं की शॉट पुट प्रतियोगिता में अनुप्रिया वलियट ससी ने रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया है। गांगुली ने अपना सर्वश्रेष्ठ समय दिया। दरअसल, किसी भारतीय तैराक द्वारा लिए गए सबसे तेज़ समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है, जबकि किसी समय को राष्ट्रीय मीट रिकॉर्ड माना जाता है जब इसे राष्ट्रीय जलीय चैंपियनशिप में हासिल किया गया हो। भारत ने खेलों के सातवें संस्करण के लिए आठ सदस्यीय एथलेटिक्स टीम भेजी थी, जो 11 अगस्त को समाप्त होगी।

### शॉन ने बनाया 4:25.47 का सर्वश्रेष्ठ समय

गांगुली 4:25.47 के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय के साथ इंग्लैंड के रीस ग्रेडी (4:24:16) से पीछे रहे, जबकि स्कॉटलैंड के इवान डेविडसन ने 4:25:68 की तैराकी के साथ कांस्य पदक जीता। गांगुली ने आर्यन नेहरा को 4:27:62 के समय को पीछे छोड़ दिया जो उन्होंने पिछले महीने नेशनल्स में बनाया था।

### अनुप्रिया ने सिल्वर और ब्रॉन्ज जीता

वहीं, महिला शॉटपुट में, अनुप्रिया ने अपने तीसरे प्रयास में 15.62 मीटर की दूरी तक आयरन बॉल फेंकी और दक्षिण अफ्रीका की एलिसिया एली खुनोउ (17.97) और ऑस्ट्रेलिया की जाइलेवेन बीले (16.31) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। बता दें कि, खुनोऊ का प्रयास राष्ट्रमंडल युवा खेलों के मैदानी आयोजनों में रिकॉर्ड था। अन्य परिणामों में, रिधिमा कुमार वीरेंद्र (30.04) महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक में सातवें स्थान पर रहीं।



## भारत की अंडर-31 ब्रिज टीम ने विश्व युवा चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**वेल्डोवेन (नीदरलैंड)।** भारत की अंडर-31 ब्रिज टीम ने हाल में समाप्त हुई विश्व युवा ब्रिज चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। राष्ट्रीय महासंघ की विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय टीम ने बलगारिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन वह इस मुकाम पर फ्रांस से करीबी अंतर से हार गया। भारतीय टीम ने इसके बाद कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में चीन को 112-104 के अंतर से हराया। भारत अंडर-31 टीम की अगुवाई कोच और गैर खिलाड़ी कप्तान शिबनाथ डे सरकार कर रहे थे जिन्होंने जकार्ता एशियाई खेल 2018 में स्वर्ण पदक जीता था।

### तीन जोड़ियों ने किया प्रतिनिधित्व

भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व तीन जोड़ियों सायंतन कुशारी-साग्निक रॉय, प्रीतम दास-सौविक कर और स्वर्णाशीष चटर्जी-विक चक्रवर्ती ने किया। ब्रिज चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों का भी हिस्सा है। भारतीय सीनियर टीम इससे पहले इस महीने के आखिर में मोरक्को में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भाग लेगी।

## खबर संक्षेप



### राओनिच ने पहले दौर के मैराथन मुकाबले में टियाफो को हराया

**टोरंटो।** कनाडा के मिलोस राओनिच ने नेशनल बैंक ओपन टोरंटो टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मैराथन मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 6-7 (12), 7-6 (4), 6-3 से हराया। नौवीं वरीयता प्राप्त टियाफो ने पहले सेट में 20 मिनट तक चले टाईब्रेकर में कनाडा के खिलाड़ी को हराकर शुरुआती बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरा सेट भी टाईब्रेकर तक खिंचा, जिसमें राओनिच ने जीत दर्ज करके मुकाबले को निर्णायक सेट तक पहुंचा दिया। राओनिच ने आखिर में यह मैच दो घंटे 44 मिनट में अपने नाम किया। राओनिच का लगभग दो साल तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद इस साल जून में वापसी पर एटीपी टूर में यह तीसरा टूर्नामेंट है।

### मर्डेका टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर फुटबॉल टीम मर्डेका टूर्नामेंट 2023 के सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया का सामना करेगी। मलेशियाई फुटबॉल संघ ने मंगलवार को इस प्रतियोगिता के ड्रॉ डाले। भारत और मलेशिया के बीच यह मैच



13 अक्टूबर को कुआलालंपुर के बुकित जलील नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले इसी दिन फलस्तीन और लेबनान पहले सेमीफाइनल में आमने सामने होंगे । भारत का मलेशिया के खिलाफ यह रिकॉर्ड 32 वां मैच होगा। इन दोनों के बीच आखिरी मुकाबला 2011 में कोलकाता में खेला गया था जिसमें भारतीय टीम 3-2 से विजयी रही थी। भारत 2001 के बाद पहली बार मर्डेका टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। यह कुल मिलाकर 18वां अवसर होगा जबकि भारतीय टीम इसमें हिस्सा लेगी। भारत का इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1959 और 1964 में उपविजेता रहना है। सेमीफाइनल के विजेता 17 अक्टूबर को फाइनल में एक दूसरे के सामने होंगे जबकि हारने वाली टीम तीसरे स्थान का प्लेऑफ मैच खेलेंगी।

# भारत-पाक के बीच आज होगी भिड़ंत

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में होगा रोमांचक मुकाबला

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह अपनी टीम के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के स्ट्राइक रेट से खुश हैं लेकिन वह एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आसानी से पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना चाहते हैं।

हरमनप्रीत ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 3-2 से जीत के बाद कहा यह निश्चित तौर पर बेहद कड़ा मुकाबला होगा। हमें स्मार्ट हॉकी खेलनी होगी तथा अपनी वास्तविक रणनीति और जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हमें अपनी मूल संरचना पर कायम रहना होगा और मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा। अगर रक्षा पंक्ति पर गौर करें तो अमित रोहिदास और जरमनप्रीत सिंह बहुत अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। विरोधी टीमों के साथ भी ऐसा है जो खेल के लिए अच्छा है।

### हमें रक्षा पंक्ति की मजबूती पर ध्यान देना है

हरमनप्रीत इस बात से खुश हैं कि टीम ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने और मैदानी गोल करने का रास्ता ढूंढ लिया है लेकिन रक्षा पंक्ति में और अधिक मजबूती की दरकार है। उन्होंने कहा हम मैदानी और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर रहे हैं। पर्याप्त समय तक गेंद पर नियंत्रण भी बना रहे हैं लेकिन हमें अपने रक्षण में अब भी काम करने की जरूरत है। हमें सर्किल के अंदर गेंद पर बेहतर तरीके से नियंत्रण बनाना होगा।





### भारत ने द. कोरिया को 3-2 से दी मात

**चेन्नई।** भारत ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए सोमवार को यहां एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के राउंड रोबिन मैच में गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 3-2 से हरा दिया। सोमवार को ही मलेशिया के खिलाफ जापान की हार के कारण मैच से पहले ही सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित कर चुके भारत की ओर से मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में निलाकांता शर्मा (छठे मिनट), हरमनप्रीत सिंह (23वें मिनट) और मनदीप सिंह (33वें मिनट) ने गोल दागे।

## मॉन्ट्रियल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में वीनस बाहर

**मॉन्ट्रियल।** दिग्गज खिलाड़ी वीनस विलियम्स हम वतन मेडिसन कीज से सीधे सेटों में हारकर नेशनल बैंक ओपन मॉन्ट्रियल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में बाहर हो गई। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन 43 वर्षीय वीनस को कीज ने 6-2, 7-5 से पराजित किया। कीज की वीनस के खिलाफ छह मुकाबलों में यह चौथी जीत है। कीज ने पहले सेट में दो बार वीनस की सर्विस तोड़ी तथा दूसरे सेट में भी दो ब्रेक प्वाइंट लिए। उनका अगला मुकाबला इटली की जैसमिन पाओलिनी से होगा। एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की कैरोलिना पिलिसकोवा ने चीन की लिन झू को 6-3, 6-7 (8), 6-2 से पराजित किया।



## जमैका को हराकर कोलंबिया महिला विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में



*मेलबर्न। कैटालिना उस्मे के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से कोलंबिया ने मंगलवार को यहां जमैका को 1-0 से हराकर फीफा महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।*
*यह पहला अवसर है जबकि कोलंबिया ने इस प्रतियोगिता के अंतिम आठ में जगह बनाई। कोलंबिया की टीम इससे पहले 2015 में भी अंतिम 16 में पहुंची थी लेकिन तब अमेरिका ने उसे आगे नहीं बढ़ने दिया था। जमैका की टीम ने पहली बार नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी।*

28 एथलीट का खर्चा उठाएगी सरकार

# नीरज चोपड़ा करेंगे विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अगुवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा बुडापेस्ट के हंगरी में 19 अगस्त से होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के 28 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। हैरान करने वाली बात है कि टीम की घोषणा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की जगह खेल मंत्रालय ने की।

एशियाई रिकॉर्ड धारक गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर 19 से 27 अगस्त तक होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से हट गए हैं क्योंकि वह ग्रोइन की चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने जुलाई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी।

### नीरज की नजरें गोल्ड पर ये खिलाड़ी नहीं खेलेंगे



बता दें कि डायमंड लीग चैंपियन नीरज चोपड़ा की नजरें बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने पर टिकी हैं। उन्होंने अमेरिका के यूजीन में 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। वहीं ऊंची कूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर, केएम चंदा और 20 किमी पैदल चाल की खिलाड़ी प्रियंका गोस्वामी ने भी विश्व चैंपियनशिप में नहीं खेलने का फैसला किया है। इसकी जगह ये चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों पर ध्यान लगाएंगे।
**एथलीटों का खर्चा उठाएगा खेल मंत्रालय :** युवा मामलों और खेल मंत्रालय ने कहा कि हंगरी के बुडापेस्ट में भाग लेने वाले 28 एथलीटों के भारतीय दल का खर्चा उठाएगा।

### टीम इस प्रकार है

महिलाः ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज), शैली सिंह (लंबी कूद), अन्नु रानी (भाला फेंक) और भावना जाट (पैदल चाल)। पुरुषः कृष्ण कुमार, अजय कुमार सरोज (1500 मीटर), संतोष कुमार तमिलरनसन (400 मीटर बाधा दौड़), अविनाश मुकुंद साबले (3000 मीटर स्टीचलचेज), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद), जेस्विन एल्ड्रिन (लंबी कूद), एम श्रीशंकर (लंबी कूद), प्रवीण चित्रावेल (त्रिकूद), अब्दुल्ला अबूबाकर (त्रिकूद), एल्धोज पॉल (त्रिकूद), नीरज चोपड़ा (भाला फेंक), डीपी मनु (भाला फेंक), किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), आकाशदीप सिंह (20 किमी पैदल चाल), विकास सिंह (20 किमी पैदल चाल), परमजीत सिंह (20 किमी पैदल चाल), राम बाबू (35 किमी पैदल चाल), अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल, मोहम्मद अनस, राजेश रमेश, अनिल राजलिंगमऔर मिजो चाको कुरियन (पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले)।

## हरमन जूनियर हॉकी टीम के कोच नियुक्त



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने इस साल होने वाले एफआईएच पुरुष और महिला जूनियर विश्वकप को ध्यान में रखते हुए नीदरलैंड के हरमन क्रुइस को मंगलवार को पुरुष और महिला जूनियर राष्ट्रीय टीमों का कोच नियुक्त किया। क्रुइस को कोचिंग का अच्छा अनुभव है। वह नीदरलैंड के क्लब डेन बोस्क के कोच रह चुके हैं।

पुरुष जूनियर विश्व कप पांच से 16 दिसंबर के बीच कुआलालंपुर में जबकि महिला जूनियर विश्वकप 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक सैंटियागो, चिली में खेला जाएगा।

**बेहद अनुभवशील हैं हरमन क्रुइस :** इसके अलावा वह 2006 से 2008 तक नीदरलैंड महिला इंडोर हॉकी टीम और 2008 से 2010 तक आउटडोर टीम के कोच थे। वह 2016 से 2023 तक बेलारूस की टीम के कोच रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सुरक्षा की दृष्टि से केंद्र का फैसला

# भारतीय सेना के ड्रोन्स में चाइनीज पार्टस पर रोक

*केंद्र सरकार भारतीय सेना को आधुनिक कर रही है। इसके लिए मानव रहित क्वाडकॉप्टर तथा ऑटोनॉमस ड्रोन के साथ ही लंबी दूरी तक उड़ान भरने वाले ड्रोन शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ड्रोन में लगे पाट्र्स से खुफिया जानकारी लीक होने की आशंका के चलते चीन में बने पाट्र्स पर बैन लगा दिया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेना के इस्तेमाल के लिए भारत में बनने वाले ड्रोन्स में अब चीन में बने पाट्र्स इस्तेमाल नहीं किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इस पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार ने यह फैसला दोनों देशों के बीच बने तनाव के माहौल को देखते हुए किया है। सरकार भारतीय सेना को आधुनिक बनाने का काम कर रही है, इसमें मानव रहित क्वाडकॉप्टर, ऑटोनॉमस ड्रोन के साथ ही लंबी दूरी तक उड़ान भरने वाले ड्रोन शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चीन में बने पाट्र्स इनकी जानकारी पड़ोसी देश को दे सकते हैं। इसलिए इन्हें बैन कर दिया गया है। भारत ने मिलिट्री को आधुनिक बनाने के लिए 2023-24 में लगभग 16 लाख करोड़ रुपए का बजट रखा है। इसमें से 75% हिस्सा देश में ही मिलिट्री से जुड़े सामान बनाने के लिए रिजर्व है। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (एडीई) के डायरेक्टर वाई दिलीप के मुताबिक, एडीई मानवरहित स्टेल्थ ड्रोन और अधिक ऊंचाई तक उड़ने वाले ड्रोन पर काम कर रही है। इसमें अभी काफी वक्त लगेगा।



### खुफिया जानकारी लीक की आशंका

देश की सुरक्षा से जुड़े अधिकारी चाइनीज पार्टस के इस्तेमाल से चिंतित थे। उनका मानना है कि ड्रोन के कम्युनिकेशन फंक्शन, कैमरे, रेडियो ट्रांसमिशन और ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर में चीन में बने पाट्र्स लगे हैं। इनसे खुफिया जानकारी पड़ोसी देश को भेजी जा सकती है।

### बैन से स्थानीय ड्रोन निर्माताओं पर बढ़ा लागत का दबावः

इस फैसले से ड्रोन बनाने वाली भारतीय फर्मों की परेशानी बढ़ गई है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि बैन से स्थानीय स्तर पर मिलिट्री ड्रोन बनाने की लागत बढ़ गई है।

### भारत के पास ड्रोन के पाटर्स और सिस्टम की कमीः

सेना को छोटे ड्रोन आपूर्ति करने वाली एक कंपनी के मालिक ने बताया कि हमारे देश में बनने वाले ड्रोन में जो पाट्र्स इस्तेमाल किए जाते हैं, उनमें से 70% पाट्र्स चीन में बने होते थे। भारत के पास सेना के लिए स्पेशल ड्रोन बनाने वाली तकनीक और ज्ञान की अभी कमी है।

### एमक्यू-9बी ड्रोन की खासियत

भारतीय सेना एमक्यू-9बी ड्रोन मानव रहित और रिमोट कंट्रोल से उड़ने वाला ड्रोन अमेरिका से खरीद रही है। यह 388 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से लगातार 40 घंटे तक उड़ान भर सकता है। यह 11 हजार किलोमीटर दूर से हमला करने में भी सक्षम है। यह ड्रोन 40 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। इसमें 2 लेजर गाइडेड एजीएम-114 हेलफायर मिसाइलें लगी होती हैं, जो हवा से जमीन पर सटीक हमला करने के लिए जानी जाती हैं।


## खबर संक्षेप

### 'सुपर लैब' से मिलेगी 100 दिन में वैक्सीन!



**लंदन।** ब्रिटेन के सेलिसबरी शहर में 'वैक्सीन डेवलपमेंट एंड इवैल्यूएशन सेंटर' को खोला गया है। ये सुपर लैब हाई सिक्योरिटी वाले पोर्टन डाउन मिलिट्री साइंस फैसिलिटी में है। यहां कई तरह के वायरस पर टेस्ट होता है, इसलिए सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया है। ब्रिटेन की हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी का कहना है कि यहां जल्द ही किसी भी खतरनाक वायरस के लिए 100 दिनों के भीतर वैक्सीन तैयार होने लगेगी। ब्रिटेन की इस सुपर लैब को 650 करोड़ रुपये की फंडिंग मिल रही है और यहां 200 वैज्ञानिक दिन-रात काम कर रहे हैं।

### रूस का यूक्रेन हमला, 8 की मौत 31 घायल



**मास्को।** रूस ने यूक्रेन के पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क पर मिसाइलों की बरसात की है, जिससे 8 लोगों की मौत हुई है, जबकि 31 लोग घायल हो गए हैं। रूस ने शहर की एक पांच मंजिला आवासीय इमारत को निशाना बनाया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। ऐसे में मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि रूस की तरफ से किए गए पहले हमले में 4 नागरिक मारे गए, जबकि दूसरे हमले में 4 लोगों की मौत हुई।

### अमेरिका में शक्तिशाली तूफान ने दी दस्तक



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में शक्तिशाली तूफान ने दस्तक दी है, जिसके चलते हजारों उड़ानें रद्द कर दी गईं और बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। राजधानी वॉशिंगटन में स्कूल बंद कर दिए गए हैं और लोगों को घर के अंदर रहने के लिए कहा गया है। टेनेसी से न्यूयॉर्क तक 10 राज्यों में बवंडर के फैलने की चेतावनी है। तूफान के कारण 1,300 से अधिक अमेरिकी उड़ानें रद्द कर दी गईं और 5,500 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द की गईं।

## बिना संशोधन राज्यसभा से पारित हुआ 'अंतर सेवा विधेयक 2023'

# राजनाथ सिंह की दो टूकः जरूरत पड़ी तो सेना 'वॉरफेयर' को तैयार

एजेंसी/नई दिल्ली

*सेना के जवान अब भी कमांड में काम कर रहे हों गैर अनुशासन का मामला सामने आया तो कमांडिंग ऑफिसर ही उन पर कानूनी रूप से उचित कार्रवाई कर सकेंगे।*

अब तीनों सेना के जवानों पर जरूरत पड़ने पर समान रूप से अनुशासानात्क कार्रवाई की जा सकेगी। जल सेना, थल सेना हो या वायु सेना के जवान अब वे किसी के भी कमांड में काम कर रहे हों गैर अनुशासन का कोई मामला सामने आया तो कमांडिंग ऑफिसर ही उन पर कानूनी रूप से उचित कार्रवाई कर सकेंगे। पहले जवानों पर अनुशासानात्क कार्रवाई संबंधित सेना के अधिकारी को मामला भेजा जाता था। पूरी प्रक्रिया न केवल बहुत समय लेने वाली होती थी बल्कि खर्चीली भी होती थी। इसे दूर करने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा राज्यसभा में पेश किये गये अंतर सेवा (संगठन, कमान नियंत्रण, अनुशासन) विधेयक 2023 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इस विधेयक को पहले ही लोकसभा से पारित किया जा चुका है।

राज्यसभा में विभिन्न दलों के सांसदों को जवाब देते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि शायद ये पहला ऐसा विधेयक होगा जिसे बिना किसी संशोधन के पारित करने की अनुशंसा रक्षा मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति ने की हो। खुशी की बात है कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में विधेयक बिना किसी संशोधन के पारित भी हुआ।



### थियेटर कमान की प्रक्रिया पर कोई असर नहीं

रक्षामंत्री ने उठाए गए संशय को साफ करते हुए कहा कि अंतर सेना संगठन बनाए जाने का थियेटर कमान की प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा, केवल एक आदेश के तहत सामंजस्य बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विधेयक का प्रारूप तीनों सेनाओं का एकीकरण करने, उन्हें अधिक मजबूत बनाने तथा अनुशासन प्रिय बनाये जाने के लिए तैयार किया गया है। विधेयक पर राज्यसभा में भाजपा डॉ. अशोक वाजपेयी, लेफ्टिनेंट जनरल वीपी वत्स, कमाख्या प्रसाद, तमिल मनिला कांग्रेस के जीके वासन, वाईएसआर कांग्रेस के विजय साई रेड्डी, एआईएडीएमके थंबीदुरैई, टीडीपी के कनकमंदला रविंद्र कुमार ने विस्तार से चर्चा की। मंगलवार दोपहर को विपक्ष के मणिपुर पर चर्चा न होने के विरोध में वॉकआउट करने के बाद रक्षा मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय के अलग-अलग चार विधेयक पारित हुए।

### सुरक्षा के लिए फंड की कोई कमी नहीं

उन्होंने वाईएआर कांग्रेस के विजय साई रेड्डी के सवालों के जवाब में कहा कि देश की सुरक्षा के लिए फंड की कोई कमी नहीं। देश के सकल घरेलू उत्पाद, जीडीपी, का तीन फीसदी हिस्सा ही रक्षामंत्रालय के बजट के लिए क्यों? जरूरत पडी तो सकल घरेलू उत्पाद का पांच, छह फीसदी तक भी बजटीय प्रावधान किया जाएगा। सेना में खाली पदों पर बोलते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि पदों पर बहाली एक सतत प्रक्रिया है, चलती रहती है। एआईएडीएमके के एम. थंबीदुरई के मछुआरे को लेकर किये गये चिंता पर रक्षामंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि भारतीय समुद्र में अपने मछुआरों की रक्षा के लिए हमारे जवान हमेशा मुस्तैद हैं। अगर जरूतर पड़ी तो देश किसी भी वॉरफेयर के लिए पूरी तरह तैयार है।

## सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए आड़े नहीं आएगी पैसे की कमीः राजनाथ सिंह

एजेंसी/नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद के उच्च सदन राज्यसभा में दो टूक अंदाज में कहा कि सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण और हथियारों की खरीद के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी। अगर जरूरत पड़ी तो रक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 5 से 6 फीसदी धनराशि खर्च की जाएगी। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने 8 अगस्त को अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 को राज्यसभा से मंजूरी दिए जाने के दौरान हुई चर्चा के दौरान दी। हालांकि विपक्ष उस समय सदन में मौजूद नहीं था। बिल में अंतर-सेवा संगठन (आईएसओ) के कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को ऐसे संगठनों में सेवारत या उससे जुड़े कर्मियों के संबंध में सभी अनुशासनात्मक और प्रशासनिक शक्तियों के साथ सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है।



### अब राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार

गौरतलब है कि रक्षा मामलों की संसदीय समिति ने सरकार से अप्रैल 2023 में इस विधेयक को बिना किसी संशोधन के पारित किए जाने की सिफारिश की थी। जिसके बाद बीते 4 अगस्त को इस बिल को लोकसभा में बिना किसी बदलाव के मंजूरी दे दी गई थी। अब राज्यसभा ने भी इसे अपनी हरी झंडी प्रदान कर दी है। इसके बाद बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। फिर यह कानून का रूप ले लेगा।

### थिएटर कमांड पर लागू होगा कानून

रक्षा मंत्री ने कहा कि थिएटर कमांड एक बिलकुल अलग विषय है। अभी इस पर कुछ भी बोलना असामयिक होगा। लेकिन जब भी थिएटर कमांड का गठन किया जाएगा। उन पर यह कानून भी लागू होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति बनाने को लेकर उन्होंने कहा कि इस पर उचित स्तर पर काम चल रहा है। आज का युद्ध परंपरागत नहीं बल्कि प्रौद्योगिकी और नेटवर्क केंद्रित हो गया है। ऐसे में सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों जैसे सेना, वायुसेना और नौसेना को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक समन्वय के साथ एकजुटता से कार्य करना पड़ेगा। बिल को लेकर आई संसद की रक्षा मामलों की स्थायी समिति की रिपोर्ट काफी व्यापक थी और उसमें सरकार से इस विधेयक को बिना किसी संशोधन के पास करने की सिफारिश की गई थी।

### सैन्य सुधारों के लिए बनेगा मील का पत्थर

राजनाथ ने वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर सशस्त्र बलों को मजबूत करने के लिए इस विधेयक को आवश्यक बताया और और इस बात पर जोर दिया कि केवल बेहतर संयुक्तता और एकीकरण के माध्यम से ही सेना राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि ये विधेयक भारत के सैन्य सुधारों की राह में मील का पत्थर साबित होगा और तीनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा।

### विधेयक से आएगा यह बदलाव

वर्तमान में सशस्त्र बल कर्मियों को उनके विशिष्ट सेवा अधिनियमों, सेना अधिनियम 1950, नौसेना अधिनियम 1957 और वायुसेना अधिनियम 1950 में निहित प्रावधानों के अनुसार शासित किया जाता है। लेकिन अब इसके जरिए कई तरह के लाभ होंगे। जिसमें आईएसओ के प्रमुखों द्वारा अंतर सेवा प्रतिष्ठानों में प्रभावी अनुशासन बनाए रखना, अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत कर्मियों को उनकी मूल सेवा इकाइयों में वापस लाने की आवश्यकता नहीं।

## हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में रखा प्रस्ताव

# अमेरिका में 'राष्ट्रीय दिवस' के तौर पर मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत 15 अगस्त को अपनी आजादी का जश्न मनाएगा। ऐसे में अमेरिका और भारत के रिश्तों में मजबूती की नई इबारत लिखने की तैयारी है। अमेरिकी संसद की मंजूरी मिली तो भारतीय स्वतंत्रता दिवस का जश्न अमेरिका में 'राष्ट्रीय दिवस' के तौर पर मनाया जाएगा। अमेरिकी संसद में इस आशय का प्रस्ताव पेश किया गया है।

### दोनों देशों के समान हितों के प्रति साझा प्रतिबद्धता



इस प्रस्ताव को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में सांसद थानेदार की तरफ से पेश किया गया है। इसे सांसद बडी कार्टर और ब्रैड शर्मन की तरफ से भी प्रायोजित किया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका और भारत दोनों देशों के समान हितों और स्वतंत्रता, लोकतंत्र, बहुलतावाद, कानून के शासन, मानवाधिकार के सम्मान के प्रति साझा प्रतिबद्धता है।

**अमेरिकी सांसदों ने रखा प्रस्ताव**

भारतीय अमेरिकी सांसदों के दल ने भारत के स्वतंत्रता दिवस को अमेरिका में भी राष्ट्रीय दिवस के जश्न के तौर पर मनाने की पहल की है। इन सांसदों ने अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत भारत के स्वतंत्रता दिवस को दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्रीय दिवस के जश्न के तौर पर घोषित करने का आग्रह किया।

### गर्मी से लाखों बच्चों को खतराः यूनिसेफ



**इस्लामाबाद।** यूनिसेफ ने एक विश्लेषण में पाया है कि दक्षिण एशिया में अन्य सभी क्षेत्रों की तुलना में अत्यधिक उच्च तापमान के संपर्क में आने वाले बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है। यूनिसेफ के एक विश्लेषण के अनुसार, दक्षिण एशिया में 18 वर्ष से कम उम्र के 76 प्रतिशत बच्चे यानी 46 करोड़ बच्चे अत्यधिक उच्च तापमान के संपर्क में हैं, जहां का तापमान एक वर्ष में 83 या उससे ज्यादा दिनों तक 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहता है। दक्षिण एशिया में 4 में से 3 बच्चे पहले से ही उच्च तापमान सह रहे हैं।


## 11 अगस्त को लॉन्च होगा लूना-25 लैंडर

# 47 साल बाद चांद की ओर फिर से कदम बढ़ाएगा रूस

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस 11 अगस्त को चांद के लिए मिशन लूना-25 लॉन्च कर सकता है। रूस इससे पहले 1976 में चांद पर मिशन लूना-24 उतार चुका है। रूस की योजना यान को चंद्रमा के साउथ पोल पर उतारने की है। चांद के इस पोल पर पानी मिलने की संभावना है। रूस वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से लूना-25 को लॉन्च करेगा। यह जगह मॉस्को से करीब 5,550 किमी पूर्व में स्थित है। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने कहा कि लूना-25, 5-7 दिन में चांद की ऑर्बिट में पहुंच जाएगा। इसके बाद चांद पर उतरेगा।

### सोयुज-2 फ्रिगेट बूस्टर पर लॉन्च होगा



लूना-25 सोयुज-2 फ्रिगेट बूस्टर पर लॉन्च होगा। यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला लैंडर होगा। मिशन का मकसद सॉफ्ट-लैंडिंग टेक्नोलॉजी को डेवलप करना, चंद्रमा की आंतरिक संरचना पर रिसर्च करना है।

### गांव खाली कराया जाएगा

रोस्कोस्मोस ने बताया कि लूना-25 मिशन की लॉन्चिंग के लिए रूस के दक्षिण-पूर्व में खाबरोवस्क क्षेत्र में शख्तिंस्की गांव को 11 अगस्त की सुबह खाली करा लिया जाएगा। गांव खाली कराने का कदम सावधानी के तहत उठाया जा रहा है। यह गांव उस इलाके में आता है जहां रॉकेट बूस्टर के गिरने की संभावना है।

## भारत दक्षिण का एक विशेष देश और ब्रिक्स परिवार का एक अहम भाग

# ब्रिक्स में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को दक्षिण अफ्रीका की विदेश मंत्री ने सराहा

एजेंसी/नई दिल्ली

दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 22 से 24 अगस्त 2023 के बीच आयोजित किए जाने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से ठीक पहले दक्षिण-अफ्रीका की विदेश मंत्री नालेदी पंडोर ने कहा कि समूह में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। जिसे देखते हुए हम भारत को ब्रिक्स के लिए काफी अहम मानते हैं। भारत की जनसंख्या, जीडीपी, बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था जैसे तत्वों की वजह से उसकी अहमियत काफी बढ़ गई है। यह जानकारी नालेदी पंडोर ने मंगलवार को पत्रकारों से वर्चुअली बातचीत में दी है। जिसमें उन्होंने कहा कि हमारे लिए भारत दक्षिण का एक महत्वपूर्ण देश है और ब्रिक्स परिवार का एक अहम भाग है। एक संस्थापक सदस्य होने के नाते नहीं बल्कि उसकी अर्थव्यवस्था, जनसंख्या, विकास, कौशल, सुधारात्मक मूल्य और विश्व पटल पर उपस्थिति जैसे तत्वों की इसमें मुख्य भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में उपस्थिति को लेकर जारी आशंकाओं को दक्षिण अफ्रीका की विदेश मंत्री ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये आशंकाएं और दावे आधारहीन हैं। जिनके जरिए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन जैसे बड़े आयोजन को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि इस वर्ष ब्रिक्स का 15 वां शिखर सम्मेलन होगा। जिसका दक्षिण अफ्रीका मौजूदा अध्यक्ष है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सम्मेलन में प्रत्यक्ष की बजाय वर्चुअली शामिल होंगे।

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 12 अगस्त को होगी विदेश मंत्रियों की अहम बैठक**



### पीएम ने नहीं कहा, वो नहीं आएंगे

दक्षिण अफ्रीका की विदेश मंत्री ने कहा कि मेरी भारत में सरकार के कई सहयोगियों से बात हुई है। सभी ने पीएम मोदी के जोहान्सबर्ग न आने की चर्चाओं को अफवाह करार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नहीं कहा कि वह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। बीते सप्ताह भारत और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्राध्यक्षों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। जिसके बाद भारत की तरफ से ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के भाग लेने की पुष्टि हुई।

### विस्तार पर सवालिया निशान लगाना ठीक नहीं

*ब्रिक्स समूह के विस्तार को लेकर नालेदी पंडोर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस मामले में भारत और दक्षिण अफ्रीका पर उंगली उठाना ठीक नहीं है। समूह के विदेश मंत्रियों की चर्चाओं में सहमति और असहमति के बावजूद ब्रिक्स के विस्तार को लेकर सभी एकमत हैं। हालांकि इस बाबत अंतिम निर्णय शीर्ष नेताओं द्वारा ही लिया जाना है। इससे जुड़े दस्तावेज को फिलहाल हम अंतिम रूप देने के करीब हैं। 12 अगस्त को ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। जिसमें दस्तावेज को शिखर सम्मेलन में शीर्ष नेताओं के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले समीक्षा की जाएगी।*

## किराया 64 लाख प्रति वर्ष

# 7 महाद्वीप और 140 देश की यात्रा, सिर्फ 1 टिकट से पूरी

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

लाइफ एट सी क्रूज नाम की कंपनी ने अपने क्रूज एमवी लारा क्रूस से लोगों को दुनिया की अनोखी यात्रा पर लेकर जा रहा है। 3 साल की इस यात्रा में यह क्रूज 7 महाद्वीपों के 140 देशों और 382 बंदरगाहों पर ठहरेगा। इस दौरान चीन, रोम, भारत, नॉर्थ अमेरिका, यूरोप व अफ्रीका के कई देशों तक जाएगा। इस सफर में लोगों को दुनिया के 13 अजूबे देखने को भी मिलेंगे। यात्रा में पैसेंजर्स को लंबा पोर्ट टाइम मिलेगा और ऐसे में वे हर देश में पर्याप्त समय बीता पाएंगे।



### ठहरने के हैं भव्य इंतजाम

कंपनी का कहना है कि जो लोग रिमोट वर्क या वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं, वे इस लंबे वर्ल्ड टूर पर जा सकते हैं। कामकाज के साथ-साथ घूमने-फिरने के ऐसे शौकीनों के लिए ये 1 लाख 30 हजार मील लंबा टूर तैयार किया गया है। इस पूरे टूर में यात्रियों के लिए क्रूज पर खाने-पीने और ठहरने के भव्य इंतजाम किए गए हैं। क्रूज में ही जिम, पूल, स्पा, ऑडिटोरियम और रेस्टोरेंट की सुविधा है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com